दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 23 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 244 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी पहुंचे एनएचएआई चेयरमैन संतोष यादव के आवास पर

## पिता बीआर यादव के निधन पर किया शोक व्यक्त

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शुकवार को गाजियाबाद में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण चेयरमैन संतोष यादव के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने संतोष यादव के पिता बीआर यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी तथा एनएचएआई चेयरमैन संतोष यादव के पिता बीआर यादव का आठ अगस्त को निधन हो गया था।

उनकी स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा रविवार को आयोजित की जा रही है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अपने व्यस्त कार्यक्रम के चलते टूंडला में आयोजित कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए थे। वह शुक्रवार को आईएएस संतोष यादव के राजनगर स्थित आवास पर पहुंचे और उनके पिता स्व. बीआर यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया।



### हिंदी भवन में रविवार को आयोजित होगी श्रद्धांजलि सभा

करंट क्राइम। आईएएस संतोष यादव के पिता बीआर यादव का परलोक गमन आठ अगस्त को हो गया था। उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा गाजियाबाद में आयोजित की गई है। लोहिया नगर के हिंदी भवन में रविवार 24 अगस्त को यह श्रद्धांजलि सभा होगी। सुबह 11 बजे से भजन और पुष्पांजलि के साथ श्रद्धांजलि सभा शुरू होगी और दोपहर एक बजे तक चलेगी। श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी वर्गों के लोग पहुंचेंगे।

## सामाजिक लोकप्रिय छवि से बनाया है आईएएस संतोष यादव ने अपना एक आधार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अधिकारी की बात करें तो संतोष यादव आईएएस अधिकारी हैं और गाजियाबाद से उनका पुराना नाता है। गाजियाबाद में कई अधिकारी रहते हैं, लेकिन संतोष यादव की बात करें तो उन्होंने अपनी एक अलग लोकप्रिय सामाजिक छवि का निर्माण अपने व्यवहार से किया है। गाजियाबाद से उनका एक पुराना नता है, वो गाजियाबाद में जिलाधिकारी के रूप में तैनात रहे हैं, वो गाजियाबाद में जीडीए उपाध्यक्ष के रूप में तैनात रहे हैं और अगर गाजियाबाद की कई सुविधाओं को देखें तो उन्हें यहां का विकास पुरुष भी कहा जा सकता है। कई उपलब्धियां उनके नाम हैं, लेकिन एक आईएएस होने के साथ-साथ जो कमाई उनके नाम है, वो ये है कि उन्होंने गाजियाबाद में अपने व्यवहार से एक बड़े परिवार का निर्माण किया है। लोग उन्हें भाई की तरह स्नेह देते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि संतोष यादव ने भी गाजियाबाद को कभी निराश नहीं किया है। उनकी सामाजिक छवि की बात करें तो दिनचर्या सुबह-सेवेरे शुरू होती है। योग से जुड़े लोग बता देंगे कि अनुलोम-विलोम से लेकर प्राणायाम तक संतोष यादव योग एक्सपर्ट के रूप में हैं। इस्कॉन मंदिर वाले बता देंगे कि प्रभु श्रीकृष्ण की भक्ति उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है। अध्यात्म उनकी जीवनशैली में शामिल है और सबसे प्रमुख बात जो उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर रखती है वो उनका अधिकारी होना नहीं है, वो सबसे बड़ी शिषता उनकी वो सहज और सरल हंसी है जो दूसरों के चेहरे पर भी मुस्कान ला देती है। हमेशा अपनेपन के भाव के साथ वो मिले हैं और ये क वजह रही है कि जब वो पितृशोक में हैं, उनके पिता का निधन हो गया है और गम की इस घड़ी में मानों पूरा शहर उनके साथ शामिल है। ये संबंधों का तानाबाना है और यहीं से पता चलता है कि आपका व्यवहार आपको समाज में कहां से कहां पहुंचाता है। ये लोग हैं जो सिर आंखों पर बैठा लेते हैं, आपके व्यवहार से। संतोष यादव देश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं और ये उनकी काबलियत है कि उन्हें देश के सबसे महत्वपूर्ण विभाग में एक्सटेंशन मिला है।

## यशोदा मेडिसिटी की एमडी डॉ. उपासना अरोड़ा ने यूपी हेल्थ समिट में रखा व्यावहारिक दृष्टिकोण





**लखनऊ, करंट क्राइम।** राजधानी लखनऊ में आयोजित सातवें यूपी हेल्थ समिट में यशोदा मेडिसिटी की प्रबंध निदेशक डॉ. उपासना अरोड़ा ने हिस्सा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए।

डॉ. अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, सुगमता और गुणवत्ता को बढ़ावा देकर चिकित्सा उत्कृष्टता का अगला केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह प्रयास स्वस्थ भारत और स्मार्ट भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगा और सभी के लिए बेहतर और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है।

सातवां यूपी हेल्थ समिट स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग जगत, नीति निर्धारकों और विशेषज्ञों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

ॐ शांति



बड़े दुख के साथ सुचित किया जाता है कि मेरे

**पूज्य पिताजी श्री बी. आर. यादव जी**

का परलोक गमन 8 अगस्त, 2025 को हो गया है।

उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा निम्न कार्यक्रम अनुसार रखी गई है।

भजन, पुष्पांजलि: सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक

दिनांक: रविवार 24 अगस्त, 2025

स्थान: हिंदी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद

:: शोकाकुल ::

संतोष यादव (IAS) एवं समस्त परिवार

॥ रस्म तेहरवी ॥



**श्री आशीष गर्ग**

(जिला एवं सत्र न्यायाधीश गा०बाद)

मान्यवर,

बडे दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री आशीष गर्ग (जिला जज गाजियाबाद) का स्वर्गवास दिनांक 11.08.25 दिन सोमवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की शन्ति हेतु रस्म तेरहवी दिनांक 23.8.2025 दिन शनिवार को सुनिश्चित हुई है।

दिन शनिवार, 23 अगस्त 2025

हवन .................... 9.00 बजे प्रातः

शोक सभा (रस्म पगड़ी) .................... 2:00 बजे दोपहर

कृप्या पगड़ी साथ न लायें।

**शोकाकुल परिवार**

योगेन्द्र स्वरूप गर्ग दीपा गर्ग (चाचा चाची)
निधि गर्ग (धर्मपत्नी)
आयुष गर्ग - शिवानी गर्ग (पुत्र पुत्रवधु)
अनुष्का गर्ग (पुत्री)

**कार्यक्रम स्थल**

डायमण्ड पैलेस, कवि नगर, इण्डस्ट्रीयल एरिया, रजापुर, गाजियाबाद।
मों :9927020790, 9838878873, 9927046036, 9045905038

**निवास स्थल**

जिला जज निवास, ईस्ट मोडल टाऊन, गजियाबाद।

# बिहार के गयाजी से मोदी की हुंकार, विपक्ष पर आक्रामक दिखे

## 'लालटेन राज में बिहार अंधेरे में डूबा था', पीएम

## 'मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं'

**गया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के गया से राज्य को 13,000 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मगध यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने न केवल विकास योजनाओं का खाका पेश किया बल्कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार, लालटेन राज की राजनीति और विपक्षी दलों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार के लोग अब इन दलों की सच्चाई को अच्छी तरह जान चुके हैं।

### बिहार से लिया गया संकल्प कभी अधूरा नहीं रहता

प्रधानमंत्री ने बिहार की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा, बिहार से लिया गया कोई भी संकल्प कभी अधूरा नहीं रहता। जब-जब भारत पर किसी ने हमला किया है, बिहार देश की ढाल बनकर खड़ा हुआ है। कश्मीर के पहलगाम में जब निर्दोष नागरिकों पर आतंकी हमला हुआ था, तब मैंने बिहार की इस धरती से आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया था। आज दुनिया देख रही है कि वह संकल्प पूरा हुआ।

**भ्रष्टाचारियों पर कसा शिकंजा, नई संवैधानिक व्यवस्था का ऐलान :** पीएम मोदी ने हाल ही में पेश किए गए संविधान संशोधन विधेयक का जिक्र करते हुए कहा कि अब भ्रष्ट नेता जेल और कुर्सी दोनों से वंचित होंगे। उन्होंने कहा, इस कानून के बाद अगर कोई मुख्यमंत्री, मंत्री या प्रधानमंत्री गिरफ्तार होता है, तो उसे 30 दिन के भीतर जमानत लेनी होगी। अगर जमानत नहीं मिली तो 31वें दिन उसे कुर्सी छोड़नी पड़ेगी। छोटे कर्मचारियों को अगर 50 घंटे तक हिरासत में रखा जाता है तो वे निलंबित हो जाते हैं, लेकिन बड़े नेता जेल में रहकर भी सत्ता का सुख भोगते रहे। अब ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने इशारों में लालू यादव और अन्य विपक्षी नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि जेल से फाइलों पर साइन करने और आदेश जारी करने जैसी प्रवृत्तियों ने लोकतंत्र को शर्मसार किया है।

पीएम मोदी ने राजद और कांग्रेस की सरकारों पर सीधा हमला करते हुए कहा कि इन दलों ने जनता के पैसों का कभी मोल नहीं समझा। उनके लिए जनता का पैसा सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का जरिया रहा। उन्होंने कहा, आजादी के बाद कांग्रेस ने 60-65 साल तक शासन किया, लेकिन भ्रष्टाचार की एक लंबी सूची छोड़ दी। आरजेडी का भ्रष्टाचार तो बिहार का बच्चा-बच्चा जानता है। अगर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है, तो किसी को भी कार्रवाई से बाहर नहीं होना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस और आरजेडी जैसी सरकारों में योजनाएं जानबूझकर लटकाई जाती थीं ताकि उनमें से अधिक से अधिक पैसा भ्रष्टाचार के जरिये निकाला जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के लोग लालटेन राज की भयावहता को कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा, उस दौर में गया और आसपास के क्षेत्र लाल आतंक से जकड़े हुए थे। शाम होते ही घरों से बाहर निकलना मुश्किल था। न बिजली थी, न शिक्षा, न रोजगार। पूरे बिहार को अंधेरे में धकेल दिया गया था। हजारों गांव ऐसे थे जहां बिजली के खंभे तक नहीं पहुंचे थे। राजद के शासन ने बिहार की पीढ़ियों को पलायन के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि आरजेडी और उसके साथी दलों के लिए गरीब सिर्फ वोट बैंक थे, उन्हें गरीबों के सम्मान और अधिकार से कोई मतलब नहीं था।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी तीखा हमला करते हुए कहा कि बिहारियों के प्रति उसकी सोच हमेशा अपमानजनक रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने खुले मंच से कहा था कि बिहार के लोगों को उनके राज्य में घुसने नहीं देंगे। यह बिहारियों के साथ कांग्रेस का व्यवहार था। दुर्भाग्य यह रहा कि बिहार की आरजेडी उस समय भी चुप्पी साधे रही। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की तुलना विपक्ष की सरकारों से करते हुए कहा कि इतने वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं लगा है।

### गया में बोले मोदी, 'जिसने पाप किया है, वो जानता है उसने क्या किया है'

पीएम मोदी ने विपक्षी नेताओं को घेरते हुए कहा, जिसने पाप किया है, वो अपने पाप को दूसरों से छिपाने की कोशिश करता है, लेकिन खुद जानता है कि उसने क्या किया है। कोई बेल पर बाहर घूम रहा है, कोई रेल के खेल में कोर्ट के चक्कर काट रहा है। उन्होंने इशारों-इशारों में राजद और कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार में डूबे रहे हैं, वही आज जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का सबसे बड़ा संकल्प गरीब और वंचित तबकों के जीवन को आसान बनाना है। उन्होंने कहा, गरीब के जीवन से मुश्किलें दूर करना, महिलाओं के जीवन को आसान बनाना, यही मेरा सबसे बड़ा काम है और जनता-जनार्दन का सेवक बनकर यही काम करने में मुझे सबसे अधिक खुशी मिलती है।



### 'हर जरूरतमंद को पक्का घर, मोदी सरकार का संकल्प'

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि बीते 11 सालों में 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। सिर्फ बिहार में 38 लाख से ज्यादा घर बने हैं और गयाजी में ही 2 लाख परिवारों को घर की सौगात मिली है। उन्होंने कहा, हमने सिर्फ चारदीवारी नहीं दी, बल्कि गरीब को उसका स्वाभिमान लौटाया है। इन घरों में बिजली, पानी और गैस जैसी मूलभूत सुविधाएं दी गई हैं, ताकि गरीब परिवार सम्मानजनक जीवन जी सके। पीएम मोदी ने जनता से वादा किया कि जब तक हर जरूरतमंद परिवार को पक्का घर नहीं मिल जाता, तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे।

### बिहार में पहले कोई ठीक कपड़ा भी पहनता था जी...सीएम नीतीश



गयाजी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गयाजी के मंच से कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज बिहार को 13 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की सौगात मिल रही है। इसके लिए पीएम मोदी हृदय से नमन करता हूं और धन्यवाद करता हूं। आज पीएम मोदी द्वारा बेगूसराय के सिमरिया जाकर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन किया जाएगा। आज गयाजी में लाखों लोग आते हैं। पहले यहां बुरा हाल था। जब हम लोगों की सरकार आई तो हमने सभी काम करना शुरू किया। गयाजी के फ्लगु नदी और रबड़ डैम में सीता सेतु का निर्माण कराया गया है। महाबोधि में सांस्कृतिक केंद्र बनवाया गया है। सीएम नीतीश ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा पर गया को हमने गयाजी कर दिया है। अब एक तरफ बोधगया है और दूसरी तरफ गयाजी। पहले 24 नवंबर 2005 को हम लोगों की सरकार आई।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश से पशु प्रेमी खुश

## आवारा कुत्तों को शेल्टर होम से छोड़ने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में 11 अगस्त के उस निर्देश में संशोधन किया है, जिसमें आवारा कुत्तों को पकड़कर उन्हें शेल्टर होम में रखने की बात कही गई थी। कोर्ट ने आज अपने फैसले में कहा कि केवल बीमार और आक्रामक कुत्तों को ही शेल्टर होम में रखा जाएगा।




कोर्ट ने कहा है कि आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में नहीं रखा जाएगा। यहां तक कि जिन कुत्तों को शेल्टर होम में भेजा गया है, उन्हें तुरंत छोड़ा जाएगा। नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को छोड़ा जाएगा। शेल्टर होम भेजे गए कुत्ते छोड़े जाएंगे। सिर्फ बीमार और आक्रामक कुत्तों को ही शेल्टर होम में ही रखा जाएगा।

जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई में तीन जजों की पीठ ने यह फैसला सुनाया। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नोटिस भी जारी किया है। कोर्ट ने हर ब्लॉक में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने के लिए अलग से फीडिंग स्पेस खोले जाएंगे, जिससे सिर्फ निर्धारित जगह पर ही कुत्तों को खाना दिया जाएगा। अब से सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों को खाना नहीं खिलाया जाएगा। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि कुत्तों को जहां से उठाया गया है, उन्हें उसी जगह रिलोकेट किया जाएगा। हर वॉर्ड में कुत्तों को खाना खिलाने के लिए फीडिंग जोन बनाए जाएंगे। सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर मनाही है। अदालत ने कहा कि किसी भी जगह कुत्तों को खाना खिलाने से समस्या होती है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए हेल्पलाइन शुरू की जाएगी।

अदालत ने कहा कि कुत्तों को निश्चित जगह पर खाना खिलाने के लिए फीडिंग जोन बनाए जाएंगे। इस मामले में अगर कोई व्यक्ति या एनजीओ अदालत आना चाहता है तो आ सकता है लेकिन इसके लिए हर व्यक्ति को 25 हजार और एनजीओ को दो लाख रुपये जमा कराने होंगे। इस पैसे का इस्तेमाल आवारा कुत्तों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए किया जाएगा।

कोर्ट के इन निदेर्शों के पालन में कोई भी शख्स या संगठन व्यवधान उत्पन्न नहीं करे। इसके साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा कि पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को अडॉप्ट करने के लिए एप्लिकेशन दायर कर सकते हैं। ये जिम्मेदारी उनकी होगी कि एक बार गोद लिए गए कुत्तों को दोबारा सड़कों पर नहीं छोड़ा जाए।

# मतदाता सूची विवाद पर बोली कांग्रेस- लोकतंत्र बच गया

## बिहार एसआईआर पर 'सुप्रीम' फैसले का किया स्वागत

**कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। वहीं कोर्ट के फैसले के बाद अब मतदाता सूची में संशोधन अधिक पारदर्शी होगा, जिनके नाम गलत तरीके से काट दिए गए थे, वे आधार कार्ड दिखाकर अपना वोट डाल सकेंगे।**

**नई दिल्ली।** बिहार की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने (एसआईआर मुद्दे) को लेकर कांग्रेस पार्टी ने आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। कांग्रेस ने कहा कि यह फैसला लोकतंत्र पर हुए एक कठोर हमले से देश को बचाने वाला है और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह उजागर कर दिया है।



### कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया


कांग्रेस ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा, 'आज सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को सुरक्षित किया है। चुनाव आयोग ने अब तक बाधा डालने वाली और मतदाताओं के अधिकारों के खिलाफ काम करने वाली भूमिका निभाई थी। लेकिन अब अदालत ने राजनीतिक दलों को भी इस पूरी प्रक्रिया में शामिल करने का रास्ता खोल दिया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है।' कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अब उन्हें एक लागू होने योग्य अधिकार मिल गया है जिसे चुनाव आयोग अनदेखा नहीं कर सकता।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश

14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा था कि काटे गए मतदाताओं की पूरी सूची सार्वजनिक की जाए। इसके साथ ही सूची के साथ-साथ नाम काटने की वजह भी बताई जाए। कोर्ट ने या भी कहा कि जिन मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, वे आधार कार्ड को पहचान पत्र के तौर पर दिखाकर मतदान कर सकें। आज अदालत ने अपने ही आदेश को दोहराते हुए साफ कहा कि चुनाव आयोग को आधार कार्ड को वैध पहचान पत्र मानना ही होगा।

**चुनाव आयोग पर तीखा हमला :** कांग्रेस ने सीधे चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा- 'आज चुनाव आयोग पूरी तरह बेनकाब और बदनाम हो चुका है। उसके पीछे के 'जी-2 कठपुतली संचालक' भी पूरी तरह पराजित हो गए हैं।'

# मानसून सत्र में हंगामे से 166 घंटे बर्बाद, जनता के टैक्स के 248 करोड़ डूबे




**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से लेकर बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुए हंगामे के साथ संसद का मानसून सत्र बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। यह सत्र सरकार और विपक्ष के बीच लगातार टकराव, अंतिम दो सप्ताह में थोक में निपटाए गए विधायी कामकाज, जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफे और जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू करने के कारण चर्चा में रहा।

एसआईआर पर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के 166 घंटे बर्बाद हो गए। इससे जनता के टैक्स के करीब 248 करोड़ रुपये डूब गए। विशेष चर्चा के बाद ऑपरेशन सिंदूर मामले में टकराव टला, मगर एसआईआर को लेकर सियासी संग्राम अंतिम दिन तक जारी रहा। हंगामे के कारण लोकसभा के 84.5 घंटे, जबकि उच्च सदन राज्यसभा के 81.12 घंटे बर्बाद हो गए। राज्यसभा की कार्यवाही 38.88 घंटे ही चल सकी।

किसी भी सदन की एक मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। यानी एक घंटे का खर्च लगभग 1.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे लोकसभा में कार्यवाही न चलने से 126 करोड़ रुपये और राज्यसभा में करीब 122 करोड़ बर्बाद हुए। हालांकि, अंतिम नौ कार्य दिवसों में ताबड़तोड़ विधायी कामकाज निपटाए गए। राज्यसभा में 15 तो लोकसभा में 12 विधेयक पारित किए गए।

**बिना चर्चा पारित हुए सभी विधेयक :** सत्र के अंतिम दो सप्ताह में सरकार विधायी कामकाज निपटाने के मामले में हड़बड़ी में दिखी। दोनों सदनों में 27 विधेयक पारित हुए। हालांकि, विपक्ष के हंगामे के बीच सभी विधेयक या तो बिना किसी चर्चा के या चर्चा की औपचारिकता निभाकर ध्वनिमत से पारित कराए गए।

# बादल फटा, बाढ़ आई लेकिन कम बरसा पानी, कई जिलों में सूखे जैसे हालात

**श्रीनगर।** बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भारी बारिश के बीच जम्मू-कश्मीर में पिछले 81 दिनों में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान 398.9 एमएम की सामान्य वर्षा के मुकाबले 397.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। लेकिन किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से आई भीषण बाढ़ के बावजूद बारिश में भारी कमी दर्ज की गई है। यहां औसतन सामान्य 309.1 मिलीमीटर की तुलना में सिर्फ 91.8 मिलीमीटर पानी बरसा है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में एक जून से 20 अगस्त, 2025 तक औसतन सामान्य से 5 प्रतिशत कम बारिश हुई है।



आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के साथ बारामुला, डोडा, गांदरबल, जम्मू, कठुआ, पुंछ और रामबन सहित आठ केंद्रों में पिछले 81 दिनों में सामान्य बारिश दर्ज की गई है। अनंतनाग, बडगाम, बांदीपोरा, कुलगाम, कुपवाड़ा और पुलवामा सहित छह अन्य केंद्रों में 20 प्रतिशत से 59 प्रतिशत के बीच कम बारिश हुई है।



शोपियां स्टेशन पर 70 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। रियासी, सांबा और उधमपुर स्टेशनों पर इस अवधि के दौरान 20 प्रतिशत से 59 प्रतिशत के बीच अधिक बारिश हुई है।

आगामीः कई जिलों में भारी बारिश के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के निदेशक डॉ. मुख्तार अहमद ने कहा कि 22 तारीख की देर रात जम्मू संभाग में, खासकर रियासी, उधमपुर, राजौरी, कठुआ और सांबा में, कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 23 से 26 अगस्त के बीच कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की आशंका है।

जम्मू, रियासी, उधमपुर, सांबा, कठुआ और राजौरी सहित जम्मू के कुछ स्थानों और कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम जिलों में भारी बारिश के साथ पुंछ, रामबन, डोडा और किश्तवाड़ में मध्यम व तेज बारिश हो सकती है। संवेदनशील स्थानों पर बादल फटने और अचानक बाढ़ आ सकती है। भूस्खलन और पहाड़ों से पत्थर गिरने का खतरा रहेगा।

# गणेशोत्सव पर घर जाने वालों को मिलेगी कंफर्म सीट, रेलवे ने शुरू की 380 स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे गणपति उत्सव का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे मुंबई, पुणे, सूरत, वडोदरा और देश के अन्य शहरों में रहने वाले कोंकण के लोगों के दिलों में अपने गांव जाने की उमंग भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में भारतीय रेलवे ने गणेशोत्सव को लेकर यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। इस दौरान रेलवे ने 380 गणपति स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान किया है। गणपति स्पेशल ट्रेन 11 अगस्त से चल रही हैं। गणेश चतुर्थी के त्योहारों के नजदीक आते ही स्पेशल ट्रेनों की संख्या में और इजाफा होगा।



भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 2025 के लिए 380 गणपति स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह अब तक की सबसे अधिक स्पेशल ट्रेन है। 2023 में कुल 305 गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 358 हो गई है।

मध्य रेलवे महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में त्योहार यात्रा मांग को पूरा करते हुए सबसे अधिक 296 सेवाएं संचालित करेगा। जबकि पश्चिमी रेलवे 56 गणपति विशेष यात्राएं, कोंकण रेलवे (केआरसीएल) 6 यात्राएं और दक्षिण पश्चिम रेलवे 22 यात्राएं संचालित करेगा।

रेलवे का कहना है कि गणपति उत्सव 27 अगस्त से 6 सितंबर 2025 तक मनाया जाएगा। त्योहारों में आने वाली भीड़ को देखते हुए 11 अगस्त से गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

# हर घर में बुखार... सिरसी के 400 लोग बीमार

## बच्चों की हालत नाजुक, निजी डॉक्टरों के भरोसे इलाज

**सिरसी(संभल)।** करीब 50 हजार की आबादी वाली नगर पंचायत सिरसी में बुखार का प्रकोप बढ़ा है। लगभग हर घर में लोग बुखार से पीड़ित हैं और इनकी संख्या तकरीबन 400 है। चूंकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर नहीं लगाया गया है तो पीड़ित सिरसी और महमूदपुर माफी में निजी डॉक्टरों से इलाज कराने के लिए मजबूर हैं।

स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते लोगों में रोष पनप रहा है। सिरसी में जिन लोगों को बुखार ने जकड़ा हुआ है इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। बुखार के साथ-साथ उल्टी की भी शिकायत है। बुखार इतनी तेजी से फैल रहा है कि एक ही परिवार के एक के बाद एक तीन से चार लोग बुखार से पीड़ित हो गए हैं।



सबसे अधिक बुखार का प्रकोप मिठौली रोड पर स्थित मोहल्ला शर्की की कालोनी में है। यहां लगभग हर घर में लोग बुखार से तप रहे हैं। मोहल्ला शर्की के भूरा के बेटे अली नवाब को करीब नौ दिन से बुखार आ रहा है। इसका इलाज गांव महमूदपुर माफी के निजी अस्पताल में चल रहा है।

यहीं के यावर अब्बास के आठ वर्षीय बेटे अली अस्फी को सात दिन से बुखार ने जकड़ा हुआ है। इनके छोटे भाई अयान और फूफा के बेटे मो. आदिल और मो.जाफर, ताऊ तनवीर अब्बास भी बुखार से पीड़ित हैं। अजीम अब्बास सहित चार लोग बुखार से जूझ रहे हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






### स्ट्रीट डॉग पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सांसद ने व्यक्त की प्रतिक्रिया

## अतुल गर्ग ने कहा, मेरी भी है सद्भावना, लेकिन हमें समझना होगा जिम्मेदारी को





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डॉग्स मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यू-टर्न लिया और अब इस मामले में डॉग्स लवर्स ने इसे अनी जीत बताया। गौरतलब है कि गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सबसे पहले लोकसभा में कुत्तों द्वारा काटे जाने का मामला उठाया था। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए ये बताया था कि पूरे देश में एक बड़ी संख्या ऐसी है जो आवारा कुत्तों के काटे जाने से पीड़ित हैं और इस पर आवश्यक कदम उठाने जाने चाहिए। जब सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को शैल्टर होम भेजे जाने का फैसला सुनाया तो लोगों ने इस फैसले और सांसद के बयान को जोड़ा। जाहिर है कि एक संदेश ये भी गया कि सांसद द्वारा संसद में सवाल उठाने के बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश दिये। बहरहाल जब ये फैसला रिवर्स हुआ तो दैनिक करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। सांसद अतुल गर्ग ने इस पूरे मामले पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मैं भारत का एक शांतिप्रिय नागरिक हूं और कानून व्यवस्था में मेरी पूरी आस्था है। सुप्रीम ने जो कुछ पहले कहा उसका भी स्वागत है और जो कुछ अब कहा उसका भी सम्मान है।

सांसद अतुल गर्ग ने अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह एक मत नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि मेरी सहानुभूति और श्रद्धांजलि उन बच्चों के प्रति है जो सड़कों पर आवारा कुत्तों के काटने से मारे गए। मेरी पूरी सहानुभूति उन लोगों से भी है जो सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं और सड़कों के आवारा कुत्तों द्वारा डॉग बाइट का शिकार होते हैं। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि एक जिले में लगभग दो से तीन हजार इंजेक्शन प्रति माह लग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस स्थिति को लेकर मैं तब भी व्यथित था और अब भी। उन्होंने कहा कि मैं ये मानकर चल रहा था कि मैं खुद और अन्य लोग जो डॉग लवर हैं वो सब मिलकर जिम्मेदारी लें और हम भी डॉग लवर्स के साथ मिलकर कुत्तों के शैल्टर होम पर उनकी सेवा करें, देखभाल करें। जहां तक बात जीवों के प्रति सहानुभूति की है और श्वान की है तो मैं स्पष्ट कर दूं कि किसी जमाने में हमारी मां, हमारी दादी डॉग्स को रोटी डालती थी और लगभग हर घर में ऐसा होता था। मेरे यहां आज भी ऐसा होता है और परिवार के छोटे बच्चे रोटी डालते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि मेरी कोई दुर्भावना है, लेकिन जो स्थिति उत्पन्न हो रही है उसके लिये कोई ना कोई तो जिम्मेदार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को देश में अपने विचार रखने की आजादी है तो मैंने भी डॉग्स को लेकर उनके द्वारा काटे गए लोगों की स्थिति को लेकर अपने विचार रखे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी दूसरे के विचार से आहत हूं। मैंने समाज की स्थिति को ऑफिशियल आंकड़ों के साथ रखा। मेरा जो काम था मैंने किया और बाकी जिनका काम है वो जाने, लेकिन मैं फिर कहूंगा कि हमें हमेशा सामाजिक सद्भावना रखनी चाहिए।

## यहां अंतिम यात्रा में बिछती है कूड़े की सेज!

### इंदिरापुरम क्षेत्र में श्मशान की दुर्दशा का किया करंट क्राइम ने रियलिटी चेक





उदयवीर सिंह

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोक्ष स्थल यानी श्मशान घाट एक ऐसा शब्द है जहां खामोशी होती है, जहां स्वच्छता होती है और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि जो व्यक्ति दुनिया छोड़कर जा रहा है, जो शव के रूप में लाया गया है उसका किसी तरह से अनादर ना हो। लकड़ी स्वच्छ लाई जाती है, अनेक स्थानों पर स्नान की व्यवस्था है, लेकिन दिल्ली से सटा गाजियाबाद का इलाका और यहां इंदिरापुरम का एक ऐसा श्मशान घाट है जहां अंतिम यात्रा में कूड़े की सेज सज रही है। स्वच्छता का संदेश देती गाड़ियां यहां कूड़ा डाल रही है। क्रिनेशन ग्राउंड अब धीरे-धीरे डंपिंग ग्राउंड में तब्दील हो रहा है। दुर्गति तो उस शव की है जिस पर परिजन पुष्प अर्पित कर लाए हैं, जिसे वो घर से स्नान कराकर लाए हैं, लेकिन श्मशान घाट में कूड़ा डंप हो रहा है, चारों तरफ कूड़ा है, जलभराव है और जब मृतक के परिजन शव को लेकर यहां पहुंचते हैं तो उनके मनोभावों का अंदाजा लगाया जा सकता है। ये श्मशान घाट इंदिरापुरम के शक्तिखंड चार में है। बताया जाता है कि श्मशान घाट भी नगर निगम द्वारा संचालित है और यहां कूड़ा भी नगर निगम की ओर से डाला जा रहा है। श्मशान घाट में कूड़ा क्यों डाला जा रहा है, यहां कूड़ा डालकर शवों का अनादर क्यों हो रहा है इसे लेकर अधिकारी, कर्मचारी खामोश हैं। खास बात ये है कि कूड़े के इस माहौल से गमगीन परिजनों में रोष है, अंतिम यात्रा में कूड़े का पड़ाव पार करना पड़ रहा है। जिस अंतिम यात्रा में फूल बरसते हैं, उस अंतिम यात्रा में यहां कूड़ा है और कूड़े की धूल है, जलभराव है। गंदगी के इस आलम और अव्यवस्था को देखकर परिजन दुखी हैं। नगर निगम का ये इलाका है, घनी आबादी है। सवाल यही उठ रहा है कि आखिर श्मशान घाट से कूड़ा क्यों नहीं उठ रहा है और उससे बड़ा सवाल ये है कि निगम के किस अधिकारी के कहने पर श्मशान घाट में ये कूड़ा डंप किया जा रहा है। क्या श्मशान घाट कूड़ा डंप करने का स्थान है। क्या मृतकों के प्रति यही संवेदना बाकी रह गई है। यहां लोग परेशान हो रहे हैं और कोई इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

दैनिक करंट क्राइम ने जब शक्तिखंड के इस श्मशान घाट पर मौके पर जाकर जांच की तो देखा कि मौके पर ही नगर निगम की कूड़ा कलेक्शन वाली गाड़ियां यहां कूड़ा डाल रही हैं। श्मशान घाट में शवों का दाह संस्कार होता है, लेकिन यहां तो कूड़ा डाला जा रहा है और बाकायदा स्वच्छता की 'लौ जगानी है' के गाने की धुन के साथ यहां कूड़ा डाला जा रहा है।

### नगर निगम की बोर्ड बैठक में भी उठाया था श्मशान घाट की सफाई का मुद्दा : धीरज अग्रवाल





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम के वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि शक्ति खंड चार स्थित श्मशान घाट पर जाने वाले रास्ते के दिन नही बदले क्योंकि आज भी श्मशान घाट पर मृतक के अंतिम संस्कार के लिए गंदे पानी, कूड़े और बदबू से होकर ही जाना पड़ता है। जिससे अंतिम संस्कार में आये लोगों को भारी परेशानी होती है। श्मशान घाट के रास्ते में बारिश का पानी जमा हो जाता है जिसकी साफ-सफाई न होने से वह पानी सड़क पर भर जाता है। वहां के लोगों को भारी परेशानी होती है। बारिश में तो कई फुट पानी भर जाता है, जिससे विशेष रूप से क्षेत्र में जब कोई मौत हो जाती है तो इसी गंदे पानी से श्मशान घाट तक ले जाया जाता है। कपड़े व जूतों में पानी तक भर जाता है। मगर आज तक प्रशासन ने इस समस्या के समाधान के लिए कोई पहल नहीं की है। श्मशान घाट का यह रास्ता आज भी बदहाल है। पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम बोर्ड बैठक में भी मुद्दा उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगरायुक्त व महापौर को भी श्मशान घाट के बारे में अवगत कराया गया था। मैंने यह भी कहा था कि मेरी पार्षद निधि इस श्मशान घाट के विकास में लगाई जाए।

## जब नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के आवास पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी





**सूत्र बताते हैं कि विक्रमादित्य सिंह मलिक के पिता सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। देश के चुनिंदा, ईमानदार, कर्मठ अधिकारियों में उनका नाम आता है। इस बात की गवाही स्वयं कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने मंच से की थी।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संबंधों की अपनी एक परिभाषा होती है। संबंध सियासत का दायरा नहीं मानते, संबंध प्रोटोकॉल तोड़ देते हैं और संबंधों में जब आत्मीयता और स्नेह होता है तो फिर वो सभी चीजों को पीछे छोड़ देते हैं। प्रोटोकॉल के साथ-साथ एक बड़ी शर्त संबंधों में ईमानदारी, पारदर्शिता और कार्यशैली की छाप होती है, पब्लिक इमेज होती है। शुक्रवार को इस बात का मुलाहिजा तब हुआ जब कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी गाजियाबाद में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव के पिता की शोकसभा में सम्मलित होने के लिये आए।

उसके बाद वो गाजियाबाद नगर निगम के आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से विशेष रूप से मुलाकात करने उनके आवास पर पहुंचे। मुलाकात राजनीतिक नहीं थी, ये मुलाकात विभागीय भी नहीं थी और ये मुलाकात एक तरह से पारिवारिक थी। इस मुलाकात में एक अधिकारी नहीं थे, इस मुलाकात में एक मंत्री नहीं थे, इस मुलाकात में एक स्नेह था, एक आत्मीयता थी और एक अपनापन था।

सूत्र बताते हैं कि आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक के पिता युद्धवीर सिंह मलिक सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। वो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से जुड़े रहे हैं और सड़क परिवहन मंत्रालय में सचिव रहे हैं। देश के चुनिंदा, ईमानदार, कर्मठ अधिकारियों में उनका नाम आता है। इस बात की गवाही स्वयं कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने मंच से की थी जब उन्होंने सड़क मंत्रालय के सचिव युद्धवीर सिंह मलिक की कार्यशैली की प्रशंसा की थी। ये वो मौका था जब हरियाणा में बड़े पथ का निर्माण शुरू हो रहा था। युद्धवीर सिंह मलिक अब यूनिटेक के चेयरमैन हैं। बताया जाता है कि कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी के मन मस्तिष्क पर युद्धवीर सिंह मलिक की ईमानदारी, निष्पक्षता, कर्मठता की एक अटूट छाप है।

ऐसे कर्मठ अधिकारी के पुत्र आईएएस अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक के प्रति उनके मन में अपार स्नेह है और यह कहने की आवश्यकता ही नहीं है कि विक्रमादित्य सिंह मलिक को ईमानदारी, पारदर्शिता, कर्मठता और निष्पक्षता के संस्कार अपने पिता से विरासत में मिले हैं। ये एक बड़ी उपलब्धि होती है वरना देश में अधिकारी तो हजारों होते हैं, लेकिन आईएएस के रूप में अपने व्यक्तित्व की पहचान से अपनी एक अलग छवि का निर्माण करना बड़ी बात है।

## रिहाई का परवाना पहुंचने पर जेल से बाहर आए कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव

### जेल से छूटते ही बोले बिजेंद्र यादव प्रदेश में तानाशाही चल रही है, राष्ट्रीय नेताओं को घटना की जानकारी दी जाएगी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद सब्जी मंडी समिति के सचिव की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर जेल भेजे गए कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष और वर्तमान में प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव को जमानत मिल गई है । उनके परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार को एसीपी की अदालत में जमानत की अर्जी लगाई थी जिसे स्वीकार कर लिया गया। जमानत मिलने के बाद देर शाम बिजेंद्र यादव को डासना जेल से रिहा किया गया। जमानत मिलने पर आज ही रिहाई का परवाना डासना जेल पहुंचाया गया उसके बाद ही करीब 8:00 बजे कांग्रेस नेता को जेल से रिहा किया गया। जेल से रिहा होने पर डासना जेल गेट पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया । जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना और महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने फूलमाला पहनाकर बिजेंद्र यादव का स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिजेंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश में तानाशाही चल रही है। अगर किसी के बारे में कहने पर जेल की सजा होती है तो भाजपा के विधायक, मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी को हर रोज जेल होनी चाहिए। मैंने ऐसी कोई बात नहीं की जो असंसदीय हो। बिजेंद्र यादव ने कहा कि साहिबाबाद सब्जी मंडी में हुई गोलीबारी की घटना के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न कर पुलिस उन्हें जेल भेज कर मामले को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर राष्ट्रीय नेताओं और प्रदेश नेताओं से बातचीत की जाएगी। जल्द ही इस मुद्दे पर रणनीति बनाकर आंदोलन किया जाएगा।

साहिबाबाद सब्जी मंडी पर हुई बैठक में कांग्रेस प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव पर मंडी समिति के सचिव की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप में पुलिस ने 20 अगस्त को बिजेंद्र यादव को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया। करीब तीन दिन बाद उन्हें जमानत मिल पाई। बिजेंद्र यादव समेत 150 अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 11 अगस्त को दो पक्षों में दुकान लगाने को लेकर विवाद को सुलझाने के लिए मंडी में व्यापारियों की बैठक बुलाई गई थी। इस दौरान कांग्रेस नेता बिजेंद्र यादव ने अपने भाषण में भड़काऊ शब्दों का इस्तेमाल किया था। यहां तक कि मंडी सचिव की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी भी की थी। इसके बाद मंडी में विवाद शुरू हो गया था। इसमें ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग भी हुई और तोड़फोड़ भी की थी। इस दौरान सचिन नाम का पल्लेदार गोली लगने से घायल भी हो गया था। इस मामले में मंदी सचिव की पत्नी ने बिजेंद्र यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## डीसीपी लाइन का ऑफिस भी हो गया फाइन कमरे में एंट्री लेते ही दिखाई देगी वर्किंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए कमिश्नर जे रविंदर गौड के आने के बाद जहां पुलिस के अधिकारियों के कार्यालय और आवास बेहतर कराए जा रहे हैं। तो तमाम तरीके के सुधार कार्य भी हो रहे हैं। लंबे समय से डीसीपी लाइन का ऑफिस पुराने लुक में था, जिसे अब मॉडिफाई करते हुए हाईटेक बनाया गया है।

यहां बेहतर फ्लोरिंग करने के साथ ही कॉरपोरेट लुक भी प्रदान किया गया है। पुलिस लाइन स्थित डीसीपी लाइन के ऑफिस का नजारा बदल गया है। अब यहां उजाला और नई लाइटिंग नजर आती है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगातार कार्यालयों का आधुनीकरण का कार्य चल रहा है।

### फर्नीचर से लेकर सीटिंग अरेंजमेंट सुधारा गया





करंट क्राइम। पुलिस लाइन स्थित डीसीपी लाइन के ऑफिस का जहां फर्नीचर बदला गया है। तो वही सीटिंग अरेंजमेंट भी चेंज किया गया है। प्रतिदिन पुलिस ऑफिस के बाद डीसीपी लाइन शाम के वक्त लाइन वाले कार्यालय में बैठते हैं। जहां पर वह जनसुनवाई करने के साथ ही अन्य मामलों में भी लोगों से मुलाकात करते हैं। पहले यह पुराने स्टाइल का था, जिसे अब हाईटेक और बेहतर बनाया गया है। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में राघव इंटरप्राइजेज जयश्री श्याम कंस्ट्रक्शन के द्वारा यह सभी कार्य कराया जा रहे हैं।

## उठा दिये सबने एक साथ अपने हाथ, राजा वर्मा के साथ एक सुर में आई आवाज, हम सब हैं एक साथ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत वालों का आयोजन चाहे सामाजिक हो, चाहे धार्मिक हो, लेकिन अगर आयोजन हो रहा है तो कहीं ना कहीं उसका परियोजन सियासत से जुड़ जाता है। बात भी स्वाभाविक है कि अगर पॉलिटिक्स वाले एक मंच पर हों और बातों में सियासत का पंच ना हो ता फिर काहे का एकजुट होना। मौका भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा द्वारा आयोजित भगवान श्रीकृष्ण छठी महोत्सव का था। राजा वर्मा ने श्रीकृष्ण भगवान की छठी पर भंडारे का आयोजन किया और यहां शहर के समस्त गणमान्य लोग मौजूद थे। वो हर वर्ष ये आयोजन करते हैं और सभी लोग आते भी हैं। शुक्रवार को उनके इस आयोजन में एक बार सुबह ऐसे लगा कि भगवान इंद्र कुछ ज्यादा मेहरबान हो गए हैं। जलभराव हो गया और आयोजन प्रभावित होता नजर आया, लेकिन कार्यक्रम प्रभु कृपा से सुचारू रूप से संचालित हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित कई नेता पहुंचे, समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और यहां पर एक सीन तब हुआ जब भंडारा चल रहा था और सियासत से जुड़े ये चेहरे पूरी शिद्दत के साथ राजा वर्मा के साथ खड़े नजर आए। राजा वर्मा भाजपा किसान मोर्चा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं और गाजियाबाद में वो भले ही सियासी रूप से कम समय देते हों, लेकिन वो चुनाव के दौरान यहां दावेदारी में आते हैं। जाट कोटे से वो दावेदारी करते हैं। राजनीति की ये शख्सियत धर्म वाले काम में थी तो यहां इन सबके बीच एक अलग अंदाज में भाजपाई चेहरे नजर आए। सबने हाथों में हाथ उठाए और संदेश दिया कि हम राजा वर्मा के साथ हैं।

इनमें भाजपा पार्षद अमित त्यागी, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गौरव चोपड़ा, पूर्व पार्षद तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव, निगम पार्षद तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, निवर्तमान नामित पार्षद सुरेंद्र नागर, भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी मौजूद थे। सबके हाथों में हाथ थे और ये सभी चेहरे राजा वर्मा के साथ थे। राजनीति में इन हाथों में हाथ होने का और एक-दूसरे का संदेश समझा जा सकता है। वो भी तब जब 2027 के विधानसभा चुनाव की दस्तक धीरे-धीरे ही क्यों न हो रही हो।

## संपादकीय

# हंगामा है बरपा

संसद का मॉनसून सत्र हंगामे के साथ खत्म हुआ। यह सत्र निराशाजनक रहा, क्योंकि सरकार और विपक्ष में टकराव हुआ। राज्यसभा में केवल 41.15 घंटे और लोकसभा में 37 घंटे काम हुआ। कई सवाल अधूरे रहे, जिनका जवाब देश जानना चाहता था। पिछले शीत सत्र में भी लोकसभा के कई घंटे बर्बाद हुए थे। संवाद की कमी दिखी। संसद का मॉनसून सत्र जैसे हंगामे के साथ शुरू हुआ था, वैसे ही शोरगुल के बीच खत्म हुआ।प्रॉडक्टिविटी के लिहाज से यह सेशन बेहद निराशाजनक कहा जाएगा। सरकार और विपक्ष के बीच टकराव के कारण दोनों सदन लगातार बाधित रहे। यहां दोनों पक्षों से ज्यादा समझदारी और संतुलित नजरिये की अपेक्षा थी। कामकाज पर असर सत्र शुरू होने के पहले कार्य मंत्रणा समिति में सरकार और विपक्ष के बीच कुछ मुद्दों पर चर्चा की सहमति बनी थी। लेकिन, सत्र शुरू होने के साथ ही उसे भुला दिया गया। संसदीय परंपरा में विरोध भी अधिकार है, लेकिन इसकी वजह से सदन की गरिमा और उसके कामकाज पर असर नहीं पड़ना चाहिए। दुर्भाग्य से देश ने इस सत्र में यही देखा- वे जरूरी मुद्दे जिनका जवाब देश जानना चाहता था, शोर शराबे की भेंट चढ़ते रहे। अधूरे जवाब यह सेशन ऐसे वक्त हो रहा था, जब भारत नई चुनौतियों से गुजर रहा है। विदेश और आर्थिक, दोनों मोर्चों पर हालात तेजी से करवट ले रहे हैं।ऐसे में और भी अहम हो जाता है कि संसद में इस पर सार्थक चर्चा होती और वाद-विवाद से रास्ता निकाला जाता। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन SIR और ऑपरेशन सिंदूर पर कई सवाल बचे रह गए। पीएम, सीएम को भी पद से हटाने वाले संविधान संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखी। संसाधनों की बबार्दी चिंताजनक बात यह है कि संसदीय कार्यवाही का ऐसा अंजाम अब आम हो चुका है। पिछले शीत सत्र में ही लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हुए थे। एक अपवाद बजट सत्र को माना जा सकता है, जब राज्यसभा की प्रॉडक्टविटी 119%, जबकि लोकसभा की 118% रही। संसद सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन जब काम नहीं करता, तो जनता की गाढ़ी कमाई के इन रुपयों के साथ देश का बेहद कीमती समय भी जाया हो जाता है।




### वार्ड वालों की ईमानदारी पड़ी है हमारे मोबाइल में रिकार्ड

वैसे तो पहले दिन से ही शोर मच गया था। मगर अब तो रिसर्च इस बात पर हो रही है कि सबसे बड़ा कमीशनखोर कौन है। दो परसेंट का रेट था जो तीन से होते हुए पांच और पांच से होते हुए आठ तक की डिमांड तक आया। खुलकर तो कोई कुछ नहीं कहता लेकिन दबी जुबान में अभियंता से लेकर टेंडर वाले भी पूरा ठहाका लगाते हैं। वो बताते हैं कि ये जो वार्ड वाले इतने खरे बन रहे हैं इनकी ईमानदारी तो ना जाने कितने टेंडर वालों के मोबाईल में रिकार्ड है। विकास वालों ने बताया कि नदिया के उस पार ज्यादा जोर है और अगर कभी इस बात पर रिसर्च हुई तो सबसे बड़े बेईमान का नाम वहीं से आयेगा। निगम के टेंडर पुरूष ने कहा कि बात ये है कि हम तो विकास की गंगा में नहा रहे हैं लेकिन जो खुद को ईमानदार बता रहे हैं उनके बारे में इतना समझ लो कि ये गली मोहल्लों का हमाम है और आगे की कहावत आपको पता है। पैंठ बाजार की उगाही से लेकर ठियों से कौन वसूली कर रहा है, पार्कों में कौन ताले लगा देता है। ये सब जानते हैं।

### वो चले थे तिरंगा लहराने और आ गया मोबाइल पर चालान का मैसेज

फूल वाले देवतुल्य पहली सरकार में भी यही कहते रहे कि कोई नहीं सुन रहा और पुलिस चालान काट रही है। दूसरी पारी में भी पुलिस अपनी जिम्मेदारी से कोई समझौता नहीं कर रही। वो और पुलिस होती होगी जो पॉवर वालों के टॉवर के आगे झुक जाती होगी। यहां तो मोबाईल फोन जिंदाबाद है और चौपला के व्यापारी प्रदीप बंसल का बेटा भाजपा की तिरंगा रैली में गया था। देशभक्ति का फीवर तब उतरा जब पिता के मोबाईल पर चालान का मैसेज आ गया। झंडा लहराता देवतुल्य इसलिए परेशान कि उसने तो अपनी स्कूटी खड़ी कर रखी थी। लिहाजा हेल्मेट और प्रदूषण या ट्रिपल सवारी का भी कोई सीन नहीं है। अब देवतुल्य को कौन समझाये कि पुलिस इतना इंतजार नहीं करती। देवतुल्य की स्कूटी का चालान इस संदेश के साथ पहुंचा कि पार्किंग रूल का उल्लंघन हो रहा है। खड़ी स्कूटी का चालान हुआ तो पिता भी हैरान हुआ और उन्होंने सोशल मीडिया पर ये लिखा भी कि विधायक जी मेरा पुत्र तो आपके कार्यक्रम में पहुंचा था। जहां आप खड़े हैं उसके पीछे उसका चालान काट दिया गया। यह अधिकारियों की हिटलरशाही का प्रोग्राम चल रहा है। बहरहाल फूलवाले कुछ भी कहें, पुलिसवालों ने पार्किंग रूल समझा दिया और देवतुल्यों को अब ये समझ लेना चाहिए कि अगर तीसरी बार भी आये तो हालात यही रहेंगे।

### रामलीला कमेटी का काम मुर्दों को ढोना है या मंचन कराना

वैसे तो ये राम वाले ऐसे हैं कि हर काम के दाम लेते हैं। शोक सभा के अलग और शादी-ब्याह के अलग। पार्किंग का ठेका लाखों में और रामलीला का ठेका करोड़ों में है। पब्लिक पर एहसान ये है कि अगर कोई तुम्हारे परिवार का कोई मर जायेगा तो वाहन हमारा होगा जो उसे हिंडन तक छोड़कर आयेगा। गर्मी के मौसम की चिंता मत करना हमारे पास मुर्दों के लिए डीप फ्रीजर भी है। सवाल अब समाज वाले ही उठा रहे हैं कि एक बार जिला प्रशासन से लेकर सोसाईटी के रजिस्ट्रार तक इस बात को स्पष्ट कर दें कि रामलीला कमेटियों का काम लीला का मंचन कराना है या मुर्दे ढोना है। सवाल समाज के एक वर्ग में उठा है और जल्द ही ये सुझाव के रूप में आयेगा कि अगर कमेटियों की इतनी ही प्रबल इच्छा है तो वो अपने वाहनों को शमशान घाट को दान कर दें। नगर निगम एक कमेटी का गठन कर दे और वाहन कमेटी के दान के होंगे और संचालन नगर निगम की टीम कर लेगी। सवाल ये भी है कि इससे कमेटी का बोझ कम होगा और ये भी पता चल जायेगा कि कमेटी वास्तव में चैरिटी करना चाहती है या अपनी राम सेवा में और कोई वैराईटी ऐड करना चाहती है। मामला जल्द ही एक पूर्व पार्षद द्वारा उठाया जायेगा और सुना है कि इस ऑफर पर गंभीरता से विचार हो भी सकता है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# डाक विभाग और एमएसएसआईडीसी में रणनीतिक साझेदारी, एमएसएमई को मिलेगी मजबूती

**नई दिल्ली।** डाक विभाग और एमएसएसआईडीसी ने महाराष्ट्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए समर्थन को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक सहयोग किया है। यह साझेदारी केंद्र सरकार की रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएमपी) प्रोग्राम के तहत की गई है। एमएसएमई को मजबूत देने के लिए डाक विभाग और महाराष्ट्र लघु उद्योग विकास निगम लिमिटेड (एमएसएसआईडीसी) ने एक रणनीतिक समझौता किया है। इस सहयोग का उद्देश्य राज्य के एमएसएमई उद्यमों को व्यापक बाजार तक पहुंच, तेज लॉजिस्टिक समाधान और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अधिक दृश्यता उपलब्ध कराना है। यह पहल केंद्र सरकार की रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग



एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएमपी) प्रोग्राम के तहत की गई है। इसके जरिए राज्य के एमएसएमई क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने के लिए संस्थागत सहयोग को मजबूत किया जाएगा। महाराष्ट्र सर्किल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह की उपस्थिति में भारतीय डाक के एपीएमजी बीडी डॉ. सुधीर जी झाकेरे और एमएसएसआईडीसी की संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रशाली जाधव दिघावकर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह डाक और पार्सल डिलीवरी, लघु बचत योजनाओं जैसी वित्तीय सेवाएं, डाक जीवन बीमा (पीएलआई) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) सहित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। साथ ही प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं के लिए भारत सरकार के एजेंट के रूप में भी कार्य करता है। एमएसएसआईडीसी लघु उद्योगों को बढ़ावा देता रहा है

19 अक्टूबर 1962 को स्थापित एमएसएसआईडीसी महाराष्ट्र में लघु उद्योगों को बढ़ावा देने और पोषित करने में अग्रणी रहा है। राज्य भर में लगभग 30,000 लघु उद्योगों को सहायता प्रदान करने के साथ, एमएसएसआईडीसी लघु उद्योगों को सहायता, वित्तपोषण, संरक्षण और प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

#### भारतीय डाक विभाग- एक समृद्ध विरासत

डाक विभाग 170 वर्षों से अधिक की अपनी समृद्ध विरासत के साथ भारत के संचार और वित्तीय समावेशन ढांचे की आधारशिला रहा है। 1,65,000 से अधिक डाकघरों के विश्व के सबसे बड़े नेटवर्क के साथ, डाक विभाग ने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है।

## हाइब्रिड या फ्लेक्सी कैप फंड, नए निवेशकों के लिए कौन सा है बेहतर



**नई दिल्ली।** नए निवेशकों के लिए हाइब्रिड और फ्लेक्सी कैप फंड्स के बीच चयन करना भ्रमित करने वाला हो सकता है। हाइब्रिड फंड्स इक्विटी, डेट और अन्य एसेट्स में निवेश करके विविधता प्रदान करते हैं, जो जोखिम को संतुलित करते हैं। नए निवेशक हाइब्रिड फंड्स से शुरूआत करें, क्योंकि ये जोखिम को बेहतर तरीके से प्रबंधित करते हैं। दो-तीन साल के अनुभव के बाद निवेशक अपने पोर्टफोलियो में फ्लेक्सी कैप फंड्स जोड़ सकते हैं।

### अल्पकालिक लक्ष्यों के लिए हाइब्रिड फंड्स

हाइब्रिड फंड्स 6 महीने से 3 साल की अवधि वाले अल्पकालिक लक्ष्यों के लिए उपयुक्त हैं। इनमें आर्बिट्राज फंड्स, इक्विटी सेविंग्स फंड्स और कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स शामिल हैं। ये फंड्स विभिन्न समय अवधि के लिए जोखिम और रिटर्न का संतुलन बनाए रखते हैं। उदाहरण के लिए, अगर निवेशक का लक्ष्य 1 से 3 साल का है, तो हाइब्रिड फंड्स स्थिरता और मध्यम रिटर्न प्रदान कर सकते हैं। यह नए निवेशकों के लिए जोखिम को कम करने का एक सुरक्षित विकल्प है।

### आईटी स्टॉक्स में निवेश का अवसर

आईटी सेक्टर में अभी निवेश आकर्षक वैल्यूएशन पर किया जा सकता है। 5 से 7 साल की लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाले निवेशक अच्छे रिटर्न की उम्मीद कर सकते हैं, भले ही बाजार में उतार-चढ़ाव आए। आईटी सेक्टर में धीरे-धीरे निवेश बढ़ाने की सलाह दी जाती है।

## अमेरिका-चीन तनाव के बीच जेन्सेन हुआंग ताइवान में

### टीएसएमसी के साथ चिप निर्माण के लिए नई साझेदारी पर चर्चा



**नई दिल्ली।** एनवीडिया प्रमुख जेन्सेन हुआंग ने इस साल तीसरी बार ताइवान के दौरे पर हैं। उन्होंने वहां ताइव सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) के अधिकारियों से मुलाकात की। यह दौरा उस समय हुआ जब अमेरिका और चीन के बीच अक चिप्स के लेन-देन को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है। हुआंग का यह दौरा क्यों है अहम एनवीडिया ताइवानी चिप निमार्ता के साथ छह नए चिप्स पर सहयोग कर रही है। इनमें एक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और एनवीडिया के अगली पीढ़ी के रुबिन-आर्किटेक्चर सुपरकंप्यूटरों के लिए एक सिलिकॉन फोटोनिक्स प्रोसेसर शामिल है। साथ ही एक सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) और स्विच उत्पादन के लिए डिजाइन किए गए एनवीलिंक चिप्स भी शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया है 1.17 अरब डॉलर और दूसरी तिमाही में 1.06 अरब डॉलर की सहायता प्राप्त हुई। 2024 में प्राप्त 2.49 अरब डॉलर को मिलाकर, कंपनी ने पिछले 18 महीनों में चारों सरकारों से 4.7 अरब की सहायता प्राप्त की है। एरिजोना में टीएसएमसी के तीन उन्नत सेमीकंडक्टर संयंत्रों का हो रहा विस्तार अमेरिका में, ळरटउ की एरिजोना स्थित सहायक कंपनी 65 अरब डॉलर मूल्य के तीन उन्नत सेमीकंडक्टर संयंत्रों के साथ तेजी से विस्तार कर रही है।

## मुंबई के जीएसबी सेवा मंडल को गणेश उत्सव के लिए 474.46 करोड़ रुपये का बीमा कवर मिला


**नई दिल्ली।** मुंबई के प्रसिद्ध सामुदायिक गणेश संघ जीएसबी सेवा मंडल ने इस वर्ष अपने पांच दिवसीय गणपति उत्सव के लिए 474.46 करोड़ रुपये का बीमा कवर हासिल किया है। पिछले वर्ष मंडल के पास 400.58 करोड़ रुपये का बीमा कवर था। सायन के किंग्स सर्किल में आयोजित यह उत्सव 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के साथ शुरू होगा और पांच दिनों तक चलेगा।



जीएसबी सेवा मंडल के अध्यक्ष अमित पई ने एक बयान में कहा, गणेश की मूर्ति को 69 किलोग्राम से अधिक सोने के आभूषणों, 336 किलोग्राम से अधिक चांदी और भक्तों द्वारा दान की गई अन्य कीमती वस्तुओं से सजाया गया है। उन्होंने कहा कि देश का सबसे अमीर गणेश मंडल होने का दावा करने वाला यह मंडल इस बार अपना 71वां गणेशोत्सव मनाएगा। बयान में कहा गया है कि कुल कवर में से 67.03 करोड़ रुपये सोने, चांदी और अन्य आभूषणों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

# छह दिन की तेजी के बाद बाजार में गिरावट

### सेंसेक्स 693 अंक टूटा, निफ्टी 24900 के नीचे



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 693.86 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 213.25 अंक गिरकर 24,870.50 अंक पर आ गया।

छह दिन की तेजी के बाद शेयर बाजार में ब्रेक लग गया। शुक्रवार को बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 693.86 अंक या 0.85 प्रतिशत गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 213.25 अंक या 0.85 प्रतिशत गिरकर 24,870.50 पर बंद हुआ।

## चुटकुले

एक आदमी भागता हुआ पुलिस के पास पहुंचा, और बोला -
मेरे दोस्त के साथ बहुत बड़ा हादसा हो गया।
पुलिस - क्या हुआ तुम्हारे दोस्त के साथ?
आदमी - वो मेरी बीवी के साथ भाग गया।

---

क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा -
बताओ, कांटों भरे
रास्ते पर आपका साथ कौन देगा?
पति, पत्नी, मां-बाप,
प्रेमी, प्रेमिका या दोस्त?
पप्पू खड़े होकर बोला - सर चप्पल!
फिर मास्टर जी ने चप्पल से की पप्पू की पिटाई।

---

संता बंता रात को सड़क पर घूम रहे थे।
संता - बहुत गर्मी है यार...
बंता - हां, दिन होता तो कहीं
छांव में बैठ जाते।

दैनिक
**करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 23 08 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन


वाणी कपूर
अभिनेत्री


आरव प्रताप सिंह


दिव्यांश दीक्षित


धैर्य


भोमिक जनमेदा


पलक मिश्रा


खुशी


ज्योति तोमर


पार्वती देवांगन


हेमंत त्यागी


नवेन्दु सक्सेना


आशीष गर्ग


मनीष त्यागी


नितिन शर्मा


नरेश कुमार


दिपेन्द्र सिंह


प्रदीप सोलंकी


वासु वर्मा


संजय राघव


आशुतोष सिंह


अशोक प्रताप सिंह


आजाद बंसल


दिनेश किरण चौधरी



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# नोएडा, गाजियाबाद और हापुड़ पुलिस का सरदर्द करने वाला लुटेरा आमिर कुरैशी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

## हापुड़ पुलिस कई साल पहले भी कर चुकी थी हाफ एनकाउंटर

## 27 साल की उम्र में दर्ज हैं लूटपाट के 18 मुकदमे

## इंदिरापुरम पुलिस ने लुटेरे को दबोचा

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत लूटपाट करने वाले शातिर बदमाश आमिर कुरैशी निवासी हापुड़ को इंदिरापुरम पुलिस ने वैशाली पुलिया के पास से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पैर में गोली मारी है, बताया जा रहा है कि आमिर कुरैशी की उम्र 27 साल है। उसपर लूटपाट के 18 मुकदमे दर्ज हैं, वह गौतमबुद्ध नगर , पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और हापुड़ पुलिस के लिए बड़ा सिर दर्द रहा है।

उस पर डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। तो वह मोबाइल, चैन और कीमती सामान लूटने का एक्सपर्ट भी बताया जा रहा है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुछ साल पहले हापुड़ पुलिस ने इसको हाफ एनकाउंटर के बाद दबोचा था गिरफ्तार भी किया था लेकिन जेल से आने के बाद दोबारा से अमीर कुरैशी ने लूटपाट की घटना अंजाम देना शुरू कर दी थी।

### इंदिरापुरम सर्किल लगातार मुठभेड़ में चल रहा है टॉप



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम पुलिस लगातार बदमाशों के साथ मुठभेड़ कर रही है। बदमाशों को ऑपरेशन लंगड़ा के तहत इलाज कर उनको जेल भेजने का काम कर रही है। तो जिस भी वारदात की वीडियो फुटेज और इंटेलिजेंस पुलिस को मिल रहा है, ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई करते हुए बदमाशों को जेल भी भेज रही है। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इंदिरापुरम सर्किल पुलिस मुठभेड़ के मामले में टॉप पर चल रही है।

### पुलिस चेकिंग में लगी आमिर कुरैशी की गोली



**करंट क्राइम।** एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव में जानकारी दी है कि बदमाशों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत वैशाली सेक्टर 5-6 की पुलिया पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे आमिर कुरैशी को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, आमिर कुरेशी भागने लगा और पुलिस पर गोली चला दी ।वजिसके बाद पुलिस ने पैर में गोली मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने इसके पास से तमंचा ,कारतूस, मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया है। आमिर कुरैशी पर 18 अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं। यह दिल्ली ,गाजियाबाद नोएडा और हापुड़ इलाके में अधिक वारदात करता था।



बदमाशों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। व घटना करने वाले बदमाशों का पुलिस सुराग लगाकर इलाज कर रही है। आगे भी इसी प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी।

**निमिष दशरथ पाटिल,**
**डीसीपी ट्रांस हिंडन**

# शराब पीने के बाद झगड़े में भतीजे ने ली थी चाचा की जान कोतवाली पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

## हत्यारोपी नहीं करता था मोबाइल का इस्तेमाल, भीख मांग कर किया सफर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 10 अगस्त को घंटाघर कोतवाली थानाक्षेत्र में मिले एक शव के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। हत्यारा और कोई नहीं मृतक राकेश का दूर के रिश्ते में लगने वाला भतीजा उमेश ही निकला।


पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच शराब पीने के दौरान कहासुनी और झगड़ा हो गया था। जिसके बाद उमेश ने ईंट से चाचा राकेश के सिर पर एक के बाद एक कई वार किए जिससे राकेश की मौत हो गई। उसके शव को पहले कंबल में लपेट के दीवान में रखा और फिर छत से पीछे कूड़े में फेंक दिया था। पुलिस को जब शव मिला तो उसकी पहचान नहीं हो पाई।

बाद में पुलिस में सीसीटीवी फुटेज और अन्य मैन्युअल इनपुट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि पकड़ा गया आरोपी उमेश शराब पीने का आदी था और यह जब फरार हुआ ,तो मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर रहा था।

### हरिद्वार और मथुरा तक किया सफर, भीख मांग के खाया खाना और जुटाए पैसे

**करंट क्राइम :** हत्या के इस मामले में पुलिस का कहना है की हत्यारोपी उमेश गाजियाबाद से भाग कर पहले हरिद्वार गया और फिर मथुरा आया। इस दौरान उसने भीख मांग कर सफर किया और खाना खाया। यह शराब पीने का आदी था, बताया जा रहा है कि शराब के नशे में ही उसने अपने दूर के रिश्तेदार चाचा राकेश की हत्या कर दी थी और शव फेंककर फरार हो गया था।





### सीसीटीवी फुटेज और रिश्तेदारों की इनपुट से मिले थे कई सबूत



**करंट क्राइम :** इस मामले में एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि हत्याकांड के खुलासे के लिए थाना प्रभारी कोतवाली धर्मपाल सिंह और कई चौकी प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई थी। वह सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मृतक के रिश्तेदारों से संपर्क कर रहे थे। जिससे काफी कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि उमेश गाजियाबाद आ सकता है। जिसके बाद पुलिस ने उसको गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# पूर्व फौजी सतवीर गुर्जर से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष न्याय मिलने तक साथ देने का दिया आश्वासन



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय अस्पताल पहुँचे और पीड़ित सैनिक का हालचाल लिया। इस दौरान उनके साथ गाज़ियाबाद से पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान, एआईसीसी सदस्य डॉ. संदीप शर्मा, बुलंदशहर के पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा और बरेली कांग्रेस नेता के के शर्मा जी भी मौजूद रहे। अस्पताल में मिलने के दौरान भावुक होकर सत्यवीर गुर्जर जी ने बताया कि मैंने राजीव गांधी जी के समय कारगिल युद्ध लड़ा। उसी दौरान मेरा हाथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हड्डी टूट गई। मोदी को वोट देता था, लेकिन मोदी की पार्टी ने मेरा सोचना क्या? आज उन्होंने मुझे आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी उनकी न्याय की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद और दिखावटी देशभक्ति पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा केवल खोखले नारे देती है, जबकि असली देशभक्तों को न्याय से वंचित कर देती है। कांग्रेस हमेशा सच्चे सैनिकों और आम जनता के साथ खड़ी है।

### खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड डायमंड हार्बर एफसी से होगा सामना

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूनार्मेंट डूरंड कप के 134वें संस्करण का फाइलन शनिवार को कोलकाता में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना पहली बार फाइनल में पहुंची डायमंड हार्बर एफसी से होगा। यह मैच कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में खेला जाएगा। चैंपियन टीम को इस बार रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपये मिलेंगे। यह 137 साल पुराने टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे बड़ी इनामी राशि होगी।
डूरंड कप ऑर्गनाइजिंग कमेटी (डीसीओसी ) ने शनिवार को होने वाले भव्य फाइनल से पहले पूरी प्राइज मनी संरचना का एलान किया। इस साल डीसीओसी ने इनामी राशि में 250 प्रतिशत बढ़ोतरी की है। पिछले सीजन के 1.2 करोड़ रुपये से इस बार इनामी राशि को बढ़ाकर रिकॉर्ड तीन करोड़ रुपये किया गया है। उल्लेखनीय है कि 134वां डूरंड कप 23 जुलाई 2025 से शुरू हुआ था। इसमें 24 टीमें छह ग्रुप में बंटी थीं और मुकाबले पांच शहरों जमशेदपुर, इम्फाल, कोकराझार, शिलांग और कोलकाता में खेले गए। 16 अगस्त से नॉकआउट चरण शुरू हुआ और अब तक 42 मैचों में चार लाख से अधिक दर्शक स्टेडियम में रोमांचक खेल का लुत्फ उठा चुके हैं।

# लोनी की घटना को लेकर तथ्यों की जांच और परिजनों से मुलाकात करने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने गठित किया प्रतिनिधिमंडल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी में दलित समाज की युवती के साथ दरिंदगी के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है जो मौके पर जाकर परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहयोग करेगा। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से गठित प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री दीपक कुमार, पूर्व विधायक सतीश शर्मा, निवर्तमान सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विशाल वशिष्ठ, जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना,उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस पश्चिम की निवर्तमान अध्यक्ष भारतीय त्यागी, उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के पश्चिमी जोन के अध्यक्ष खलील नंबरदार, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विनीत त्यागी, जिला महिला कांग्रेस की निवर्तमान अध्यक्ष सोनम नागर, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कपिल यादव, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सूर्यकांत, पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष प्रेमी अनुसूचित जाति विभाग हापुर के जिला अध्यक्ष नरेश यादव, जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व अध्यक्ष पंकज तेजानियां पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लोनी यामीन मलि, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमलेश कुमारी, महासचिव सविता गौतम, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रपाल नेम, शहर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष विजेंदर जाटव, महासचिव सूरज कुमार, सुनील शर्मा विवेक त्यागी सलीम सैफी, मांगेराम त्यागी, राज प्रधान, महेंद्र खटीक अजय शर्मा और मेजर बीके ब्लॉक शामिल है

# साढ़े 22 करोड़ की लागत से बनेगा रामायण थीम पार्क





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गजियाबाद विकास प्राधिकरण की राजधानी दिल्ली सीमा से लगी कोयल एन्कलेव योजना में लगभग साढ़े 22 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले रामायण थीम पार्क के निर्माण के कड़ी में आरंभ हुए निर्माण कार्य का शुक्रवार को प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह और प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन ने निरीक्षण किया।

इसके साथ साथ राजेंद्र नगर में करीब 40 एकड़ में विकसित डा राम मनोहर लोहिया पार्क का भी निरीक्षण किया और ये जानने का प्रयास किया कि पार्क में सुधार के किस किस तरह के कदम उठाए जा सकते हैं, इसके लिए जन समान्य से संवाद भी स्थापित किया गया। यहां बता दें कि डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क को सुनियोजित तरीके से विकसित किये जाने के लिए जन प्रतिनिधियों के द्वारा अनुरोध किया जा रहा था।

जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा आरपीएफ तैयार की जा रही है। कोयल एन्क्लेव में बनने वाले रामायण थींम पार्क के संचालक और अनुरक्षण की जिम्मेदारी 10 वर्षों तक चयनित एजेंसी को दी गई है। इस पार्क का निर्माण 22700 वर्ग मीटर में किया जा रहा है। हाल ही में रामायण थीम पार्क के देखभाल, रखरखाव और संचालन के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। जिसमें चार एजेंसियों में से तीन एजेंसियों द्वारा प्राधिकरण के सभागार कक्षा में अपना-अपना प्रस्तुतीकरण दिया गया था। इसके बाद रामायण थीम पार्क के रखरखाव और संचालन के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है। इसके तहत 10 वर्ष तक पार्क की जिम्मेदारी एजेंसी को दी गई है।

### रामायण थीम पार्क के जरिए सांस्कृतिक विरासत के दर्शन

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि दिल्ली सीमा के नजदीक गाजियाबाद में बनने वाला रामायण थीम पार्क में एनसीआर के लोगों को सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से लोगों को सांस्कृतिक विरासत के दर्शन भी कराए जाएंगे। गाजियाबाद में बनाए जाने वाले रामायण थीम पार्क में रामायण के प्रमुख पात्रों की 15 मूर्तियां सहित कुल 45 कलात्मक प्रतिष्ठान स्थापित कराए जाएंगे। इसके अलावा थीम पार्क में 5डी मोशन चेयर थिएटर, लाइट एंड साउंड शो का भी आयोजन कराया जाएगा। बनाए जाने वाले इस रामायण थीम पार्क से गाजियाबाद शहर को एक नया पर्यटन स्थल मिलेगा। जिससे गाजियाबाद की एनसीआर सहित अन्य जिलों में अपनी अलग पहचान बनेगी।

### अंकित पहलवान ने जीती एक लाख की कुश्ती दंगल में कई राज्यों के पहलवानों ने दिखाया दम

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में अखाड़ा कुश्ती प्रोत्साहन संघ के बैनर तले 21 अगस्त को नौरंगाबाद पुल के नीचे मोटे लाला की बगीची स्थित अखाड़ा शांतिकुंज पर स्वर्गीय जयपाल सिंह चौहान की स्मृति में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इसमें एक लाख की कुश्ती अंकित और सुमित पहलवान के बीच हुई। 20 मिनट तक चली इस कुश्ती में अंकित पहलवान ने बाजी मार ली।

दंगल में दिल्ली, गुरुग्राम, आगरा, हाथरस और अलीगढ़ सहित कई जिलों के नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। शुभारंभ आयोजक अरुण चौहान एवं एफएसएसएआई अधिकारी दीनानाथ यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। संघ के सचिव ऋषि पहलवान ने बताया कि अंतिम कुश्ती के लिए भारत केसरी सुमित पहलवान (गुरु हनुमान अखाड़ा, दिल्ली) और भारत केसरी अंकित पहलवान (आगरा) के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। दंगल में दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक करीब 140 कुश्तियां कराई गईं।

# अंडर-20 कुश्ती चैंपियनशिप में काजल स्वर्ण के लिए खेलेंगी, श्रुति-सारिका की नजर कांस्य पर



**नई दिल्ली।** युवा भारतीय पहलवान काजल ने दो बड़े स्कोर वाली जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिलाओं के 72 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि श्रुति और सारिका सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। मौजूदा अंडर-20 एशियाई चैंपियन और 2024 कैडेट विश्व चैंपियन काजल ने अपने तीन मुकाबलों में दो बार दोहरे अंक हासिल किए।

उन्होंने एमिली मिहाइलोवा अपोस्टोलोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 15-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की। इसके बाद किर्गिस्तान की कैयरकुल शारशेबायेवा को क्वार्टर फाइनल में 7-0 से हराकर एक और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अमेरिका की जैस्मीन डोलोरेस रॉबिन्सन के खिलाफ काजल ने 13-6 से जीत दर्ज की।

श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरूआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की, लेकिन वह जापान की रिना ओगावा की बराबरी नहीं कर सकीं और सेमीफाइनल तकनीकी श्रेष्ठता से हार गईं।

सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की, पर सेमीफाइनल में वह यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं।

ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वह अर्मेनिया के युरिक मखितार्यन से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए जिससे अब वह कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए लेकिन रेपेशेज के जरिये कांस्य पदक की दौड़ में बने हुए हैं।

रीना (55 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) फाइनल में पहुंच चुकी हैं। दोनों दिन के अंत में स्वर्ण पदक मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। तपस्या (57 किग्रा) पहले ही स्वर्ण और सृष्टि (68 किग्रा) रजत पदक जीत चुकी हैं।

### 23 अगस्त से शुरू होगी स्क्वॉश चैंपियनशिप, 25 राज्यों के खिलाड़ी होंगे शामिल

राष्ट्रीय स्क्वॉश चैंपियनशिप का आयोजन यहां 23 से 28 अगस्त तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की सात साल बाद शहर में वापसी हुई है। प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिसकी कुल इनामी राशि आठ लाख रुपये है। प्रतियोगिता की मेजबानी मेजर ध्यान चंद स्टेडियम करेगा। भारतीय स्क्वॉश रैकेट महासंघ के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, इस साल की चैंपियनशिप के लिए उत्साह अभूतपूर्व है। हमारे छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 100 में शामिल हैं और सभी इसमें भाग ले रहे हैं।

# प्रज्ञानंद और गुकेश ने चौथे दौर की बाजी भी ड्रॉ खेली




**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूनार्मेंट के चौथे दौर में अमेरिका के सैमुअल सेवियन के साथ अंक बांटे जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा।

अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने दिन के एकमात्र निर्णायक गेम में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिस्तोफ के साथ तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटे।

अभी जबकि पांच दौर का खेल होना बाकी है तब कारुआना तीन अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद प्रज्ञानंद और अरोनियन का नंबर आता है जो 2.5-2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश दो-दो अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। डूडा उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि अब्दुसत्तोरोव आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

# वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का रंगारंग आगाज पहले दिन जम्मू-कश्मीर ने जीता सोना



**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स का वीरवार को रंगारंग आगाज हो गया। डल में तीन दिन चलने वाले इस खेल महाकुंभ के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के मोहसिन अली ने कयाकिंग के-1, 1000 मीटर (पुरुष) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के विशाल कुमार ने कैनोइंग सी-1, 1000 मीटर (पुरुष) और ओडिशा की रश्मिका साहू ने कैनोइंग सी-1, 200 मीटर (महिला) स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के बैक लॉन में खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का वीरवार को रंगारंग शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शामिल हुए।

वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में देशभर से 409 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 202 महिला खिलाड़ी हैं। मध्य प्रदेश के सबसे अधिक 44, हरियाणा के 37, ओडिशा के 34, और केरल के 33 खिलाड़ी इस आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं। गुजरात, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल की टीमें सबसे छोटी हैं। मार्च में भोपाल में आयोजित हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शीर्ष आठ खिलाड़ी रोइंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले आर्मी के रोवर अर्जुन लाल जाट मुख्य आकर्षणों में से एक होंगे। 28 वर्षीय जाट 2020 टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुके हैं और उन्होंने हांगझोऊ एशियाई गेम- 2022 में लाइट वेट डबल स्कल्स में रजत पदक जीता था।

# प्रभु श्रीकृष्ण छठी महोत्सव पर राजा वर्मा ने किया भंडारे का आयोजन





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा और उनकी धर्मपत्नी मंजू वर्मा ने राजनगर सेक्टर-9 स्थित शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। राजा वर्मा प्रति वर्ष भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव मनाते हैं। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में भजन कीर्तन और भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे।

# चीन ने कहा- एससीओ के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन होगा, पीएम मोदी समेत 20 विश्व नेता होंगे शामिल

**बीजिंग ।** एससीओ शिखर सम्मेलन में कौन-कौन नेता शामिल होंगे पांचवीं बार इस दस सदस्यीय समूह की मेजबानी चीन करेगा। सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह एससीओ के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। लियू ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी व कई अन्य वैश्विक नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबिआंतो, मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे।



**चीन ने शुक्रवार को कहा कि इस महीने के अंत में होने वाला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन संगठन के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इस बैठक में 20 देशों के नेता भाग लेंगे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर के बीच चीन के तियानजिन शहर में होगा**

10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी होंगे शामिल उपमहाद्वीप से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। लियू ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव सहित 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस वजह से यह आयोजन एससीओ के इतिहास का सबसे बड़ा बन जाएगा। सम्मेलन के बाद परेड देखने के लिए रुकेंगे विदेशी नेता इस साल चीन एससीओ की अध्यक्षताकर रहा है। एससीओ के 10 सदस्य देश रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और चीन हैं। इस विस्तारित एससीओ प्लस सम्मेलन को चीन के वैश्विक प्रभाव को दिखाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ज्यादातर नेता इस दो दिवसीय सम्मेलन के बाद भी कुछ समय रुकेंगे, ताकि तीन सितंबर को बीजिंग में होने वाली चीन की सबसे बड़ी सैन्य परेड को देख सकें। यह परेड जापानी आक्रमण और फासीवाद विरोधी युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होगी। चीन इस परेड में चौथी पीढ़ी के टैंक और लड़ाकू विमान, ड्रोन आधारित खुफिया और सुरक्षा उपकरण और आधुनिक मिसाइलों का प्रदर्शन करेगा। जिनमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी शामिल हैं।

# भारतीय की लापरवाही से हुई दुर्घटना

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सरकार ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों को वीजा देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को इसका एलान कर दिया। दरअसल अमेरिका में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद अमेरिका में विदेशी ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ माहौल बन गया है और इस घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया है। विदेशी ट्रक ड्राइवरों को वीजा जारी होने पर लगी रोक मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'तत्काल प्रभाव से कमर्शियल ट्रक ड्राइवरों को जारी होने वाले वीजा पर रोक लगाई जाती है। अमेरिका की सड़कों पर विदेशी ट्रक ड्राइवरों की संख्या बढ़ती जा रही है और ये ट्रक और ट्रेलर चालक अमेरिकी लोगों की जान खतरे में डाल रहे हैं और साथ ही अमेरिकी ट्रक चालकों की आजीविका में भी सेंध लगा रहे हैं।'



## अमेरिका ने सभी विदेशी ट्रक ड्राइवरों का वीजा रोका

भारतीय ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा दरअसल फ्लोरिडा के राजमार्ग पर एक भारतीय ट्रक ड्राइवर ने गलत तरीके से यू-टर्न लिया, जिससे एक कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मेक्सिको के जरिए अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। संघीय अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ट्रक ड्राइवर अंग्रेजी परीक्षण में भी असफल रहा। अमेरिका में इस मामले की काफी चर्चा हो रही है क्योंकि यह घटना फ्लोरिडा में हुई, जो सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी का गढ़ है। साथ ही रिपब्लिकन पार्टी का अवैध अप्रवासियों पर रुख सख्त रहा है।

# टैरिफ तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदों से की मुलाकात, व्यापार समेत कई मुद्दों पर हुई बात

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की। भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सांसदों से द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की।

भारतीय राजदूत ने सीनेटर बिल हेगर्टी को भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों के लिए जारी द्विपक्षीय चचाओं के बारे में उन्हें जानकारी दी। उन्होंने सीनेटर हेगर्टी के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन में भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापार पर भी अपना दृष्टिकोण साझा किया।



इसके अलावा क्वात्रा ने कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन के साथ भी बातचीत की और उन्हें द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन को द्विपक्षीय व्यापार संबंधों, ऊर्जा सुरक्षा में हाल के घटनाक्रमों तथा हमारे देशों के बीच बढ़ती हाइड्रोकार्बन साझेदारी के बारे में जानकारी दी। इससे पहले क्वात्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी और साइबर उपसमिति, हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के रैंकिंग सदस्य प्रतिनिधि जोश गोटेहाइमर से मुलाकात की। क्वात्रा ने उनसे तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों पर चर्चा की। क्वात्रा कहा कि तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और संतुलित, निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों सहित द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग में नवीनतम विकास पर अपडेट साझा किए। क्वात्रा ने नौ अगस्त से अब तक 16 अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की है। ये बैठकें ऐसे समय में हो रही हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार, सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

**कोलंबो ।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 76 वर्षीय विक्रमसिंघे पर सितंबर 2023 में अपनी पत्नी मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने हेतु सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप है। पुलिस ने पहले उनके कर्मचारियों से यात्रा खर्च के बारे में पूछताछ की थी।

जांच के सिलसिले में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था पुलिस ने बताया कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 76 वर्षीय विक्रमसिंघे को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) मुख्यालय में गिरफ्तार किया गया, जहां उन्हें सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की जांच के सिलसिले में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।



इंग्लैंड की यात्रा करने के लिए सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे पर सितंबर 2023 में अपनी पत्नी प्रोफेसर मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने के लिए सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप है। आरोप लगाया गया है कि विक्रमसिंघे एक आधिकारिक कार्यक्रम के बाद अमेरिका से लौट रहे थे और अपनी पत्नी के निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सरकारी खर्च पर ब्रिटेन गए थे। जुलाई 2022 से सितंबर 2024 तक राष्ट्रपति रहे रानिल विक्रमसिंघे सीआईडी ने पहले उनके कर्मचारियों से यात्रा खर्च के बारे में पूछताछ की थी। विक्रमसिंघे ने 2024 के अंत तक शेष कार्यकाल के लिए गोटबाया राजपक्षे की जगह राष्ट्रपति पद संभाला था।

# अवैध प्रवासी भारतीय ड्राइवर पर फ्लोरिडा में चलेगा केस

## लापरवाही से ट्रक चलाने से तीन लोगों की हुई थी मौत

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में लापरवाही से ट्रक चलाने वाले अवैध प्रवासी भारतीय ड्राइवर पर फ्लोरिडा में केस चलेगा। सड़क हादसे में तीन लोगों की जान लेने के आरोपी ड्राइवर हरजिंदर सिंह को फ्लोरिडा वापस लाया गया है। अमेरिकी सरकार ने हादसे के बाद विदेशी ट्रक ड्राइवरों को वीजा देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी।

दरअसल फ्लोरिडा के राजमार्ग पर एक भारतीय ट्रक ड्राइवर ने गलत तरीके से यू-टर्न लिया, जिससे एक कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मेक्सिको के जरिए अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। अब ट्रक ड्राइवर हरजिंदर सिंह को आरोपों का सामना करने के लिए फ्लोरिडा के उपराज्यपाल जे कॉलिन्स विमान से उतारकर ले गए। एक्स पर पोस्ट में कॉलिन्स ने कहा कि वह और गवर्नर रॉन डेसेंटिस सिंह को वापस लाए हैं।





अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने हरजिंदर सिंह के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। डीएचएस ने फ्लोरिडा राजमार्ग सुरक्षा एवं मोटर वाहन विभाग के हवाले से बताया कि हरजिंदर सिंह एक अवैध विदेशी है। उसने 12 अगस्त को केवल आधिकारिक उपयोग वाले प्रवेश बिंदु से अवैध रूप से यू-टर्न लेने का प्रयास किया, जिससे उसके ट्रक ने राजमार्ग की सभी लेन अवरुद्ध कर दीं और इससे हादसा हुआ।

18 अगस्त को डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघिन ने अवैध प्रवासी को व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के लिए कैलिफोर्निया के गवर्नर की आलोचना की।


# लीबिया में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के पास रॉकेट हमला कोई हताहत नहीं, सुरक्षा बलों ने बरामद किए लॉन्चर

**काहिरा ।** हालांकि, इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। मिशन परिसर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

त्रिपोली के गृह मंत्रालय ने कहा कि रूस निर्मित एसपीजी रॉकेट के जरिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय को निशाना बनाने की कोशिश की गई, लेकिन यह एक घर पर गिरा और किसी को चोट नहीं आई। मंत्रालय इस बात की जांच कर रहा है कि रॉकेट किसकी ओर से दागा गया। सुरक्षा बलों ने एक वाहन से दो और इसी प्रकार के रॉकेट और उनका लॉन्चर भी बरामद किया है।

### सुरक्षा स्थिति पर जानकारी दे रही थीं यूएन की राजदूत

यह हमला उस समय हुआ, जब संयुक्त राष्ट्र की राजदूत हन्ना टेटेह सुरक्षा परिषद को लीबिया की स्थिति पर जानकारी दे रही थीं। उसने लीबिया के लिए एक रोडमैप पेश किया। इस रोडमैप के अनुसार, एक 'नई एकीकृत सरकार' बनेगी, जो चुनाव कराने के लिए अनुकूल माहौल बनाएगी और शासन के जरूरी कामों को प्रभावी ढंग से संभालेगी। राजदूत ने कहा, हम मानते हैं कि राजनीतिक प्रक्रिया में चुनाव की गारंटी और संस्थानों के एकीकरण पर फोकस किया जाना चाहिए। 2011 से नाटो समर्थित विद्रोह के बाद लीबिया अराजकता में चला गया, जिसमें लंबे समय तक शासक मुअम्मर गद्दाफी को हटाया और मार दिया गया। देश पूर्व और पश्चिम में दो प्रतिद्वंद्वी सरकारों में बंटा हुआ है, जिनके समर्थन में अलग-अलग सशस्त्र समूह और विदेशी सरकारें हैं।



**संयुक्त राष्ट्र मिशन ने जानकारी दी कि लीबिया के पश्चिमी क्षेत्र में उसके मुख्यालय के पास एक रॉकेट गिरा। यह हमला उस समय हुआ जब संयुक्त राष्ट्र की राजदूत लीबिया की स्थिति की जानकारी सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को स्थिति के बारे में जानकारी दे रही थीं। मिशन के बयान के मुताबिक, गुरुवार देर रात यह रॉकेट लीबिया की राजधानी त्रिपोली के 12 किलोमीटर पश्चिम में स्थित जांजूर के इलाके में गिरा**

# चीनी विदेश मंत्री से मिले पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर, सुरक्षा और आतंकवाद पर चर्चा

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान और चीन की दोस्ती एक बार फिर चर्चा में है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी शुक्रवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर से मिले। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और आपसी रिश्तों को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की। वांग यी का पाकिस्तान दौरा वांग यी बुधवार को पाकिस्तान पहुंचे थे। वे यहां छठे दौर के विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता में हिस्सा लेने आए।

पाकिस्तान पहुंचने के बाद वांग यी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और विदेश मंत्री इशाक डार से भी मुलाकात की। इस दौरान चीन ने एक बार फिर कहा कि वह पाकिस्तान की संप्रभुता और विकास का मजबूत समर्थन करता रहेगा। आर्मी चीफ से अहम चर्चा पाकिस्तानी सेना ने बयान जारी कर कहा कि वांग यी और जनरल असीम मुनीर की बातचीत का केंद्र क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और आपसी हितों के मुद्दे रहा। एक बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने 'हर मौसम की रणनीतिक साझेदारी' को और मजबूत करने और क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया। वांग यी ने कहा कि चीन पाकिस्तान के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। मुनीर ने चीन का लगातार समर्थन करने के लिए आभार जताया। बैठक का अंत इस वादे के साथ हुआ कि दोनों देश क्षेत्र में शांति, स्थिरता और तरक्की को आगे बढ़ाएंगे। पिछले महीने मुनीर ने किया था का चीन दौरा बता दें कि जुलाई में पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर चीन गए थे। वहां उन्होंने वांग यी, चीन के उपराष्ट्रपति हान जेंग और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। हालांकि उस समय उन्हें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने का अवसर नहीं मिला, जबकि उनके पूर्ववर्ती जनरल कमर जावेद बाजवा सीधे शी जिनपिंग से मिले थे। गुरुवार को वांग यी और पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने रणनीतिक परामर्श बैठक की। इसमें दोनों देशों ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा के नए चरण, व्यापार और आर्थिक संबंध, बहुपक्षीय सहयोग और जनता-से-जनता संपर्क पर विस्तार से बातचीत की। वहीं इस दौरान अफगानिस्तान से जोड़ने की कोशिश पर चर्चा हुई। दरअसल वांग यी पाकिस्तान आने से पहले काबुल गए थे।



वहां उन्होंने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के साथ त्रिपक्षीय बैठक की थी। भारत में भी नेताओं से मुलाकात इससे पहले वांग यी ने नई दिल्ली का भी दौरा किया। वहां उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की।

# अमेरिका में भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर पर दर्ज हुआ हत्या का केस




**अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में हुए एक भीषण सड़क हादसे के बाद भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर पर वाहन से हत्या का मामला दर्ज हुआ है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ट्रक ड्राइवर का नाम हरजिंदर सिंह है उस पर आरोप है कि उसने फ्लोरिडा की व्यस्त हाईवे पर गलत तरीके से ट्रक मोड़ा, जिससे सामने से आ रही मिनीवैन उससे टकरा गई। वैन में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई**

**न्यूयॉर्क ।** 12 अगस्त को फ्लोरिडा की हाईवे पर हरजिंदर सिंह अपने बड़े ट्रेलर ट्रक को चला रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाईवे पर केवल आधिकारिक उपयोग वाले रास्ते से अचानक यू-टर्न लिया। तभी एक मिनीवैन तेजी से आई और ट्रक से टकरा गई। ये टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिनीवैन में बैठे तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

इस हादसे के बाद हरजिंदर सिंह मौके से भागकर कैलिफोर्निया चला गया। लेकिन पुलिस ने उसे ढूंढ निकाला और वापस फ्लोरिडा लाकर गिरफ्तार कर लिया। इसे लेकर फ्लोरिडा के उप-राज्यपाल जे कॉलिन्स ने सोशल मीडिया पर लिखा- 'उसने सोचा कि वह भाग जाएगा, लेकिन हमने उसे वापस लाकर न्याय के कटघरे में खड़ा किया।'

### राजनीतिक विवाद भी खड़ा हुआ

इस मामले ने अमेरिका में राजनीतिक विवाद को भी जन्म दिया है। ट्रिशा मैकलॉफलिन, जो अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) में सहायक सचिव हैं, उन्होंने कैलिफोर्निया की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- 'तीन निर्दोष लोगों की मौत इसलिए हुई क्योंकि कैलिफोर्निया ने एक अवैध प्रवासी को ट्रक चलाने का लाइसेंस दे दिया। यह शासन की विफलता है।' उन्होंने कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजम पर भी हमला किया और कहा कि अवैध प्रवासियों को लाइसेंस देना अमेरिकी जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ है।

इस हादसे के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने घोषणा की कि फिलहाल विदेशी नागरिकों को दिए जाने वाले कमर्शियल ट्रक ड्राइवर वर्क वीजा पर रोक लगाई जा रही है। उन्होंने कहा, 'विदेशी ड्राइवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ये बड़े ट्रक चलाते हैं, जिससे अमेरिकी लोगों की जान खतरे में पड़ रही है और साथ ही अमेरिकी ट्रक चालकों की रोजी-रोटी पर भी असर हो रहा है।'

# श्रीकृष्ण गौशाला में आयोजित छठी महोत्सव में पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्रीकृष्ण गौशाला द्वारा आयोजित भगवान श्रीकृष्ण छठी महोत्सव में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। श्रीकृष्ण गौशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में गौशाला के महामंत्री देवेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष वेदप्रकाश बंसल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, संयुक्त मंत्री अनिल कुमार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मंगल सहित गौशाला के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

# पुलिस उपायुक्त ने डिजिटल वालंटियर टीम को किया सम्मानित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस उपायुक्त नगर आईपीएस धवल जायसवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी द्वारा डिजिटल वालंटियर टीम, थाना कोतवाली को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित। बीते महीने सावन माह कांवड़ शिवरात्रि मेला के उपलक्ष में डिजिटल वालंटियर टीम थाना कोतवाली से कोऑर्डिनेटर तनुज गंभीर के नेतृत्व में 95 लोगों द्वारा नॉनस्टॉप 96 घंटे की निस्वार्थ ड्यूटी दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर दी गई थी। जिसमें डिजिटल वालंटियर टीम के सदस्य द्वारा दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालु जिनकी संख्या लाखों में होती है सभी को लाइन व्यवस्था, सुरक्षा एवं निगरानी के तौर पर थाना कोतवाली पुलिस के अंतर्गत कार्यरत किया जाता है।



पुलिस के साथ मिलकर सभी श्रद्धालुओं को उनकी डेडीकेटेड लाइन में लगवाना, कांवड़ियों को व्यवस्थित करना, सुचारु रूप से लाइन लगवाना, महिला, बच्चों एवं बुजुर्गों को प्राथमिकता के साथ जल चढ़वाना जैसे अनेक कार्य डिजिटल वॉलिंटियर टीम के सदस्यों ने पुलिस बल के साथ मिलकर किया। टीम कॉर्डिनेटर तनुज गंभीर ने बताया कि लगातार 8 सालों से डिजिटल वालंटियर टीम के सदस्य यह अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं और आगे भी निभाते रहेंगे। पुलिस उपयुक्त धवल जायसवाल ने भी टीम के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया एवं मनोबल बढ़ाया एवं प्रशंसा पत्र देकर सराहना की।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के पहाड़ी पार्षद ने कर दिया है पहाड़ जैसा काम? सुना है उन्होंने जिम कार्बेट में खरीद ली हैं पांच बीघा जमीन? कर लिया है इस जमीन को अपने नाम? सुना है जब से पता चली है उनके विरोधियों को ये बात? तब से लगी हुई है उनके सीने में आग? वो दे रहे हैं ये ही संदेश? ढाई साल की पार्षदी में इन्होंने देखो कितना मजबूत कर लिया है अपना बेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं नदिया पार की बात? यहां पर एक मंडल के उपाध्यक्ष और महामंत्री के बीच चल रहा है विवाद? विवाद वाली आवाज का बताया जा रहा है इन्दिरा जी वाला एरिया? कह रहे हैं कि अगर ऐसी परम्परा चली तो फिर होर्डिंग बनवाने वाले का उठ जायेगा विश्वास? चर्चा यही है कि उपाध्यक्ष मार रहे हैं महामंत्री पर होर्डिंग के पैसे देने का तकादा? मगर महामंत्री नहीं कर रहे हैं बिल्कुल भी हिसाब? कहने वाले ने कहा चर्चा रायते की तरह फैल चुकी है? अब देखना ये है कि आगे क्या होता है इसमें साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वसुंधरा जी वाले एरिया के भगवा कमिश्नर ने कर दिया मंडल की टीम वालों के साथ बाजीगर वाला सीन? सुना है उन्होंने उन चेहरों को ही व्हाट्सऐप ग्रुप से दिखा दिया बाहर का रास्ता? जिन चेहरों ने बनाया था भगवा कमिश्नर को एडमिन? सुना है उन्होंने अभिषेक, कान्ती और अजीत के नाम पर लगा दिया है लॉक? ये देख कर उड़ गये हैं बाकी चेहरों के भी होश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व मेयर दे गईं भगवा त्यागी चेहरे को कोई संदेश? उस संदेश को सुनकर अभी तक कन्फ्यूज है अभी तक हमारे दिमाग का बेस? उन्होंने त्यागी मैम्बर को दी, गंगा गये तो गंगाराम और जमुना गये तो जमुनादास की मिसाल? फिर बात को घुमाकर कहा कि ये रखते हैं सभी का ख्याल? उसके बाद कुछ उपाध्यक्ष वाली बात पर भी कसा मैडम ने पूरी आशा से तंज? अब ये वो सब कुछ सामान्य रूप में कह रहे थी या इसमें था कोई ताने वाला रंग?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब राजा जी के यहां आये गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर? तब देखते ही बन रही थी उनकी स्माइल? मामला सिर्फ यहां पर ही कंट्रोल नहीं हो रहा था? गजब ढहा रहा था उनका कुर्ता-पयजामा पहनने वाला स्टाइल? देखते ही बन रहे थे उनके अंदाज? ऐसा लग रहा था वो कर चुके हैं कोई सिटी वाली परीक्षा पास? चेहरे पर दिख रहा था उनके गजब का जोश? इस बार उनके सामने यादव जी का फेस ब्राउन पड़ गया था और खूब उभर रहा था नागर जी के चेहरे पर लाला वाला ग्लोस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं शुक्रवार की बात? अगर आपने देखा होगा एक बड़े मिनिस्टर आये थे गाजियाबाद? उनके आने की थी सभी जनप्रतिनिधियों को खबर? खास बात ये थी कि सभी जनप्रतिनिधि थे उस दिन गाजियाबाद? कोई भी नहीं था इधर से उधर? हम तो इस बात पर हो रहे थे हैरान? कि आखिर क्यों नहीं बना किसी की भी मुलाकात का प्लान? कहने वाले ने कहा चर्चा यही थी कार्यकताओं के बीच? अगर प्रोटोकॉल में चेंज किया था तो बना सकते थे इनके लिए भी मिलने का प्रोग्राम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दीवारों के भी होते हैं कान? कुछ इसी तरह मैंने एक बड़े जनप्रतिनिधि और एक पूर्व जनप्रतिनिधि की बातों पर लगाया हुआ था ध्यान? दोनों की बातें करा रही थी इस बात का एहसास? जैसे इस वक्त चल रहे हों वो गाजियाबाद के किसी तीसरे जनप्रतिनिधि से नाराज? दोनों में से एक ने कहा कि प्रदेश वाले चौधरी साहब ने ठीक नहीं किया है हमारे साथ? अब इससे ज्यादा हम नहीं बता सकते अपने दिल के जज्बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैम्बर टॉमक्रूज उर्फ प्रवीण चौधरी ने रेड फेस मैन यादव जी का बिठा दिया है पंजाबी समीकरण? वो कह रहे हैं कि अगर उनका ये समीकरण 2027 से पहले बैठ गया? तो वो कर लेंगे किसी की दावेदारी का हरण? यादव और पंजाबी फैक्टर के मेल-जोल से इनका मजबूत होने जा रहा है खेल? कुछ ना कुछ असर दिखायेगा इनके संबंधों का बनने वाला तालमेल? कहने वाले ने कहा कि जल्द देने वाले हैं मिस्टर यादव कोई दावत? फिर उसके बाद मजबूत हो जायेगी उनकी और भी अदावत?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के एक विधायक हो गये हैं खतराये विधानसभा श्रीमान? वो अपने साथ-साथ बनाते रहते हैं बाकी दो विधानसभाओं में भी दिखाई देने के प्रोग्राम? उनकी इस अदा ने बैठाया हुआ है कईयों का दिल? वो तैयारी ना जाने कौन सी सीट से कर रहे हैं? इसके सबूत फिलहाल अभी तो नहीं रहे हैं हमको मिल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कृष्ण छठी पर दिखी हमें वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब की राजा जी से बढ़िया वाली ट्यूनिंग? हमने देखा ठाकुर साहब ने उनके आयोजन में दिया खूब टाईम? इस शिद्दत भरी मुलाकात को देखकर हमें लगा कि दोनों के बीच में मामला है बहुत ज्यादा फाईन? इस नजदीकी का दिखाई देगा भविष्य में असर? जब आयेगा संगठन की घोषणाओं वाला टाईम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भाजपा एवं अन्य दलों के कई कार्यकर्ताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता, पार्टी नेताओं ने किया स्वागत



**गाजियाबाद कंट क्राइम।** यूं तो अक्सर भाजपा दूसरे दलों के कार्यकताओं को पार्टी में शामिल कर झटका देती रहती है लेकिन शुक्रवार को कांग्रेस ने भाजपा को जोर का झटका धीरे से दे दिया। पार्टी ने भाजपा के कई कार्यकताओं को सदस्यता दिलाकर विधानसभा चुनाव से पहले रणक्षेत्र को मजबूत करने की कोशिश तेज कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित एक समारोह में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने भाजपा एवं दूसरे दलों से आए कार्यकताओं का फूल माला से स्वागत किया।

कांग्रेस में शामिल होने वालों में सतीश त्यागी, मोहित शर्मा, मनीष कुमार ,रिंकू सिंह ,रघुवीर ,संभव चढ़ा ,बिजेंदर पांडे ,मोनू कुमार, अनुराग कुमार, सुरेंद्र पाल, जगदीश सिंह ,संदीप कुमार, अमनदीप ,उस्मान उर्फ गुड्डू, नितिन , कपिल बृजेश पांडे, आदि समेत बड़ी संख्या में कार्य करता शामिल थे। उन्होंने कहा कि आज देश को कांग्रेस की विचारधारा की जरूरत है इसलिए हम भाजपा की नफरत के विचारधारा का त्याग कर राहुल गांधी के प्रेम और भाईचारे की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की तरफ से जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, हरपाल सिंह, अश्वनी त्यागी, उदय सिंह पाल, आबिद अली आदि ने माला पहनकर सभी का स्वागत किया।


## पिलखुवा में जन आरोग्य मंदिरों के जरिए आम लोगों तक पहुंचेंगी सरकारी योजनाएं



**पिलखुवा, करंट क्राइम।** पिलखुवा नगर पालिका परिषद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से डॉ. चंद्रभान सिंह तोमर, पिलखुवा नगर सरकारी अस्पताल रेलवे रोड से डॉ. प्रियंका दुबे एवं टीम के साथ नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने एक बैठक की। जिसमें पिलखुवा नगर वासियों को सरकार की योजना को आम जनता तक पहुंचने के लिए पिलखुवा नगर में 6 'जन आरोग्य मंदिर' खोले जाएंगे जिसमें 2 जन आरोग्य मंदिर मोहन नगर कॉलोनी व डाबरिया में खुल चुके हैं। जन आरोग्य मंदिर में सरकार की योजना जैसे गर्भवती महिलाओं के लिए सरकारी योजना, नवजात शिशुओं के लिए सरकारी योजना, कुष्ठ रोगियों के लिए सरकारी योजना जैसे अन्य सभी योजनाओं का आम जनता को लाभ मिल सकेगा।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक पिता के लिए उनकी लाडली बेटी उनका सबसे बड़ा अभिमान होती है। बेटी के लिए उसके पापा उसकी सारी उम्मीदों का आसमान होते हैं। पिता के लाड और बेटी का अपने पिता के प्रति प्रेम सबसे अद्भुत रिश्ता होता है। लाडली बिटिया इशिका पाठक के जन्मदिन पर उसके पापा भूषण शर्मा ने परमपिता परमेश्वर से अपनी बिटिया के लिए हर खुशी की कामना की। बेटी के जन्मदिन पर पिता के लाड प्यार से परिपूर्ण यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 'हर घर जल' योजना से रोशन हुआ मकनपुर वाल्मीकि मोहल्ला, अब नहीं रहेगी पानी की समस्या

# मकनपुर गांव के हर घर में पहुंचेगा गंगाजल : पार्षद राधेश्याम तिवारी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 57 मकनपुर वाल्मीकि मोहल्ला के लोगों के लिए खुशखबरी है। अब मोहल्ले में पानी की किल्लत नहीं होगी। नगर निगम 'हर घर जल' के तहत गंगाजल की नई लाइन डाली है। और वही 30 एचपी के तीन नए पंप भी लगने की बात पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताइए। इससे गंगाजल पर निर्भरता कम होगी। गंगा नहर की सफाई के दौरान भी पानी की सप्लाई जारी रहेगी। मकनपुर में पानी की समस्या दूर हो जाएगी। मकनपुर के लोगों को अब पानी की समस्या नहीं होगी। शहर वॉटर सप्लाई के लिए गंगनहर से आने वाले गंगाजल पर निर्भर रहता है। लेकिन अब नगर निगम की ऐसी तैयारी है कि गंगाजल प्लांट से पानी की सप्लाई बंद होने पर भी लोगों को पानी मिलता रहे। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया है कि 'हर घर पेयजल योजना' के तहत करोड़ रुपये खर्च करके नए नलकूप या ट्यूबवैल लगाने की तैयारी चल रही है। इन नलकूपों से सीधे घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इससे गंगाजल पर निर्भरता कम होगी और पानी की सप्लाई लगातार बनी रहेगी। जलकल जीएम कामाख्या प्रसाद ने बताया कि 30 हॉर्स पावर के 10 और 15 हॉर्स पावर के 5 नलकूप लगाए जाएंगे। इन्हीं नलकूपों से घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा।



### मोहल्ले में पहली बार आएगा गंगाजल : दयाचंद



करंट क्राइम। स्थानीय निवासी दयाचंद ने बताया है कि हम कई पीढ़ी से वाल्मीकि मोहल्ले में रह रहे हैं। लेकिन अभी तक ना तो बिजली के खंभे लगे हुए थे। ना ही पानी की लाइन डाली हुई थी, इस बार पार्षद द्वारा मोहल्ले में पानी की लाइन भी डाली जा रही है। और बिजली के खंबे के साथ-साथ स्ट्रीट लाइट के लिए व्यवस्था पार्षद द्वारा की गई है।

### हर घर जल और हर घर नल : राधेश्याम त्यागी



**करंट क्राइम।** पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि वाल्मीकि मोहल्ले में गंगाजल लाइन डाली जा रही है, यह लाइन ढाई सौ मीटर के करीब गंगाजल की लाइन डाली गई है। वहीं मोहल्ले में बिजली के खंभे के साथ-साथ स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी कराई गई है। उन्होंने बताया कि वाल्मीकि मोहल्ले में 500 लोग के करीब रहते हैं। जिन्हें गंगाजल पहली बार मिलेगा वहीं वार्ड 57 में सभी समस्या को ध्यान रखते हुए काम किया जा रहा है। मेरा प्रयास यही रहेगा कि मकनपुर गांव के हर घर में गंगाजल पहुंचे।

### समरसेबल के पानी से आए दिन होते थे बीमार : रेखा



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी रेखा ने बताया कि शुरू से ही समरसेबल का पानी पीते थे जिससे आए दिन बच्चे वह बड़े बीमार रहते थे। जिस कारण बिसलेरी का पानी पीना शुरू कर देता है लेकिन इस बार मोहल्ले में गंगाजल की लाइन डाली जा रही है अब गंगाजल पीने को मिलेगा।

### बरसों से नहीं थी गंगाजल की लाइन : अंजू



**करंट क्राइम।** स्थानीय निवासी अंजू ने बताया कि बचपन से ही देख रहे हैं कि मोहल्ले में कभी पानी की लाइन नहीं थी इस बार पार्षद द्वारा पानी की लाइन डाली गई है। वहीं मोहल्ले में बिजली के खंबे भी लगे हैं और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी की गई है करीब 500 लोगों को गंगाजल पानी मिलेगा।

## लोनी में बलात्कार के बाद आत्महत्या की घटना को विधानसभा में उठाएगी कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़िता के पिता से की बातचीत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लोनी में गैंग रेप पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई है। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने परिवार के मुखिया से बातचीत कर इस मामले में हर संभव मदद की पेशकश की है। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का दावा करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार बेटियों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। मानसिक रूप से कमजोर एक बेटी को दरिंदों ने गैंग रेप कर कानून को चुनौती दी है। लेकिन बेटी को इंसाफ दिलाने में पुलिस नाकाम रही जिस कारण बेटी ने आत्महत्या करने का कदम उठाया। कांग्रेस कार्यकताओं ने वही मौके से मृतका के पिता की प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से फोन पर बातचीत कराई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले को विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। प्रदेश की भाजपा सरकार के अधीन कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। बदमाशों पर अब पुलिस का कोई भय नहीं है। इस घटना से पुलिस की असंवेदनशीलता भी सामने आई है।



प्रदेश अध्यक्ष ने एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम से बात कर इस मामले की पूरी जानकारी ली। एसीपी ने कहा कि आरोपियों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई है जिसमें तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रतिनिधि मंडल में लोनी विधानसभा पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी यामीन मलिक, अशोक तोमर, जिला उपाध्यक्ष मामराज प्रधान, जिला उपाध्यक्ष पूर्व महा सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस अकबर चौधरी, सलीम इद्दर्शी, जिला महामंत्री महफूज खान, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, जिला महामंत्री महेंद्र खटीक, जिला सचिव सोनू बंसल, जिला सचिव अजय शर्मा, नगर अध्यक्ष लोनी मेजर बी के (बाबू खान) ब्लॉक अध्यक्ष लोनी खलील नंबरदार, प्रदेश किसान अध्यक श्रीमती संगीता त्यागी, अध्यक्ष महिला जिला कांग्रेस सेवादल श्रीमती सोना खान, सद्दाम चौधरी, रिजवान अली तवर, नवाब चयरमेन जिला महासचिव राबिया अंसारी, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।